सुविचार

सकारात्मक सोच रखने वाला व्यक्ति हर परिस्थिति में अवसर ढूंढ लेता है और आगे बढ़ता है।

# प्रथम न्यूज

PRATHAM NEWS

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

Website: www.prathamnews.in

email:- dainikprathamnews@gmail.com

Pratham News

@dainikprathamnews



वैभव सूर्यवंशी की विस्फोटक पारी पर फिरा पानी, शुभमन गिल के शतक से फाइनल में पहुंची गुजरात...

» पृष्ठ 7 पर

जालंधर, वर्ष: 16 अंक : 148 | दिनांक : शनिवार, 30 मई 2026 | सम्पादक : विवेक धीर | सम्पर्क: | 97796-00900 | पन्ने- 8 | मूल्य: ₹ 2.00/- | RNI No I PUNHIN/2010/36540

## संक्षिप्त न्यूज

### भारत में इजरायल के लिए बेपनाह मोहब्बत

**ईरान से जंग के बीच नेतन्याहू का बड़ा बयान**



**नई दिल्ली ( एजेंसी )**– मिडिल ईस्ट में फिर तनाव गहराता नजर आ रहा है। शुक्रवार सुबह ईरान ने अमेरिका का फाइटर जेट मार गिराने का दावा किया। हालांकि अमेरिकी सेना ने इसका खंडन किया है। दूसरी तरफ रिपोर्ट में यह भी दावा किया जा रहा है कि ईरान और अमेरिका 60 दिनों से सीजफायर समझौते पर करीबब-करीब सहमत हो चुके है, केवल ट्रंप की मंजूरी का इंतजार है। इस बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत और इजरायल के संबंध को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। वेस्ट बैंक में आयोजित एक सम्मेलन में नेतन्याहू ने कहा कि दुनिया के किसी अन्य देश की दुनिया में इजरायल को भारत में अटूट समर्थन मिल रहा है। उन्होंने इजरायल को भारत में मिल रहे समर्थन के लिए क्रेजी लव शब्द का भी प्रयोग किया। बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, पूरी दुनिया में हमारे खिलाफ साजिशें चल रही हैं। हमारी वैधता को समाप्त करने की कोशिशें की जा रही हैं। लेकिन भारत में ऐसा बिल्कुल नहीं है। भारत में इजरायल के जबरदस्त प्यार है। सच में क्रेजी लव। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगता है कि दुनिया के अन्य देशों की तुलना में भारत में मेरे सबसे ज्यादा फॉलोअर्स हैं।

### रिलायंस एडीए ग्रुप से जुड़े मामलों में सीबीआई ने दाखिल की पहली चार्जशीट

**नई दिल्ली ( एएम नाथ )**– केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) ने रिलायंस एडीए ग्रुप से जुड़े मामलों में से एक, RC0742025E0005 में 29 मई 2026 को मुंबई स्थित CBI मामलों की विशेष अदालत में पहली चार्जशीट दाखिल की है। इसमें कुल 16 आरोपियों को नामजद किया गया है, जिनमें रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड (RCom), कंपनी के पांच वरिष्ठ अधिकारी एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI), बैंक ऑफ महाराष्ट्र और पूर्ववर्ती सिंडिकेट बैंक के 10 बैंक अधिकारी शामिल हैं। आरोपियों पर भारतीय दंड संहिता (IPC) के तहत आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक गबन के साथ-साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आपराधिक कदाचार के आरोप लगाए गए हैं। एजेंसी ने कहा है कि मामले में आगे की जांच जारी रहेगी। कंसोर्टियम बैंकों द्वारा स्वीकृत अन्य ऋणों की भी जांच की जाएगी और सार्वजनिक धन के कथित डायवर्जन एवं गबन में शामिल अन्य साजिशकर्ताओं की भूमिका का पता लगाया जाएगा। मामले में जल्द ही पूरक चार्जशीट भी दाखिल की जा सकती है।



## पंजाब निकाय चुनाव 2026

# अर्बन वॉर में आम आदमी पार्टी की बंपर फतह

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

29 मई ( एएम नाथ )

पंजाब के निकाय चुनावों के नतीजों ने राज्य की राजनीतिक तस्वीर को काफी हद तक स्पष्ट कर दिया है। आठ नगर निगमों, 75 नगर कौंसिलों और 19 नगर पंचायतों के लिए हुए चुनावों की मतगणना शुक्रवार सुबह शुरू हुई और शाम तक सामने आए परिणामों में आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट बढ़त बनाकर रखी। चुनावी रुझानों और घोषित परिणामों ने संकेत दिया है कि शहरी क्षेत्रों में भी पार्टी का जनाधार मजबूत बना हुआ है। राज्य चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शाम 5 बजे तक घोषित परिणामों में आम आदमी पार्टी ने 1977 सीटों में से 832 सीटों पर जीत दर्ज की। पार्टी ने पूरे दिन मतगणना के दौरान बढ़त बनाए रखी और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस को काफी बड़े अंतर से पीछे छोड़ दिया।

कांग्रेस 333 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही। हालांकि कई क्षेत्रों में कांग्रेस उम्मीदवारों ने कड़ा मुकाबला दिया, लेकिन कुल परिणामों में पार्टी आम आदमी पार्टी के मुकाबले काफी पीछे दिखाई दी।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इन परिणामों को वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देखा जाएगा। फिलहाल घोषित परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि पंजाब की निकाय राजनीति में आम आदमी पार्टी ने मजबूत बढ़त हासिल की है और विपक्षी दलों को आने वाले समय में अपनी रणनीति पर नए सिरे से काम करना होगा।

### नगर निकाय चुनाव रिजल्ट

नगर निकाय

**नगर पंचायत** — कुल सीटें - 246

| दल | सीटें |
|---|---|
| आप | 105 |
| भाजपा | 0 |
| बीएसपी | 1 |
| कांग्रेस | 26 |
| निर्दलीय | 48 |
| शिअद | 66 |

(नोट ...28 सीटों पर सर्वसम्मति से कैंडिडेट्स चुन लिए गए )

**नगर काउंसिल** — कुल सीटें - 1331 — रिजल्ट घोषित - 1272

| दल | सीटें |
|---|---|
| आप | 630 |
| बीजेपी | 97 |
| बीएसपी | 05 |
| कांग्रेस | 263 |
| निर्दलीय | 177 |
| शिअद | 100 |

(नोट- 59 सीटें पर रिजल्ट शाम 7 बजे तक घोषित नहीं किया गया है)

**नगर निगम** — कुल वार्ड - 400 — रिजल्ट घोषित - 312

| दल | सीटें |
|---|---|
| बीजेपी | 62 |
| कांग्रेस | 66 |
| निर्दलीय | 22 |
| शिअद | 11 |
| बीएसपी | 0 |

(शाम सात बजे तक 88 सीटों का रिजल्ट घोषित नहीं किया गया है...)





### निर्दलीयों का प्रदर्शन उल्लेखनीय

निकाय चुनावों में निर्दलीय उम्मीदवारों का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा। कुल 237 निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत हासिल कर यह साबित किया कि स्थानीय स्तर पर व्यक्तिगत प्रभाव और क्षेत्रीय मुद्दे अभी भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। निर्दलीय उम्मीदवारों का प्रदर्शन भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल से बेहतर रहा।

घोषित परिणामों के अनुसार शिरोमणि अकाली दल को 163 सीटों पर सफलता मिली, जबकि भारतीय जनता पार्टी के खाते में 126 सीटें आईं।

बहुजन समाज पार्टी ने छह सीटों पर जीत दर्ज की। कई सीटों पर मतगणना देर शाम तक जारी रही और अंतिम आंकड़ों में बदलाव की संभावना बनी हुई है।

### विपक्षीय दल सोचने पर मजबूर

राजनीतिक जानकारों का कहना है कि निकाय चुनावों के परिणाम केवल स्थानीय निकायों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इन्हें राज्य की आगामी राजनीतिक दिशा के संकेतक के रूप में भी देखा जाएगा। आम आदमी पार्टी के लिए ये नतीजे मनोबल बढ़ाने वाले माने जा रहे हैं, जबकि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सामने संगठनात्मक मजबूती और जनाधार विस्तार की चुनौती बनी रहेगी।

# दुश्मन की हर चाल होगी नाकाम!

**गृह मंत्री अमित शाह का बड़ा एलान, देश में लागू होगा नया सुरक्षा ग्रिड**

» प्रथम न्यूज । गाँधीनगर

29 मई ( ब्यूरो )

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज गुजरात के भुज में भारत-पाकिस्तान सीमा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने त्र-7 बॉर्डर आउट पोस्ट पर बीएसएफ जवानों से बातचीत की। साथ ही त्र-7 और त्र-13 बॉर्डर आउट पोस्ट का लोकार्पण भी किया। अमित शाह ने कहा कि बीएसएफ के जवान बेहद कठिन परिस्थितियों में देश की सुरक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि कहीं माइनस 45 डिग्री तापमान होता है तो कहीं 45 डिग्री से ज्यादा गर्मी। इसके बावजूद जवान हर हाल में सीमा पर डटे रहते हैं।



उन्होंने कहा कि कच्छ का रेगिस्तान, सर क्रीक और हरामी नाला जैसे इलाके बहुत कठिन हैं। इसके अलावा राजस्थान के रेतीले इलाके, कश्मीर की बर्फीली चोटियां और पूर्वोत्तर के जंगलों में भी बीएसएफ जवान तैनात रहते हैं। गृह मंत्री ने कहा कि पिछले 60 साल में बीएसएफ ने देश की सुरक्षा में बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने बल के 2000 से ज्यादा शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि देश के लोग बीएसएफ की वजह से सुरक्षित महसूस करते हैं।

अमित शाह ने कहा कि सरकार सीमा सुरक्षा को और मजबूत बना रही है। इसके लिए वॉच टावर, नई सड़कें, पीने के पानी की सुविधा, मेडिकल सुविधा और आधुनिक फेंसिंग का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जहां जमीन पर फेंसिंग मुश्किल है, वहां तकनीक की मदद से सुरक्षा बढ़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि ड्रोन, रडार और आधुनिक निगरानी प्रणाली का इस्तेमाल किया जा रहा है। सरकार ऐसा सुरक्षा घेरा बनाना चाहती है जिसे कोई भी आसानी से पार न कर सके।

गृह मंत्री ने कहा कि सर क्रीक और हरामी नाला क्षेत्र पहले सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील माने जाते थे। लेकिन अब वहां तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि अगले दो साल में यह इलाका पूरी तरह सुरक्षित हो जाएगा। अमित शाह ने चतुष्कोणीय सुरक्षा ग्रिड का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि अब केवल सीमा सुरक्षा पर नहीं, बल्कि पूरे इलाके की सुरक्षा पर ध्यान दिया जाएगा। इसमें बीएसएफ, सेना, स्थानीय पुलिस, सिविल प्रशासन और आम जनता मिलकर काम करेंगे.

### केन्या के गर्ल्स स्कूल में भीषण आग


**झुलसने से 16 छात्राओं की मौत, 79 घायल**

**गिलगिल ( केन्या )( एजेंसी )**– मध्य केन्या के एक बालिका विद्यालय के छात्रावास में रात में आग लगने से 16 छात्राओं की मौत हो गयी। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी।

शिक्षा मंत्री जूलियस ओगाम्बा ने कहा कि 79 अन्य छात्राएं घायल हुई हैं। आग गिलगिल क्षेत्र में स्थित एक आवासीय विद्यालय उतुमिशी गर्ल्स स्कूल के छात्रावासों में लगी। इस विद्यालय में 800 से अधिक छात्राएं पढ़ती हैं। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

ओगाम्बा ने कहा कि अधिकारी इस बात की जांच करेंगे कि स्कूल के अग्नि सुरक्षा नियमों का पालन किया गया था या नहीं। पीड़ितों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। केन्या रेड क्रॉस ने बताया कि कई छात्राओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है और विभिन्न अस्पतालों में उनका इलाज किया जा रहा है। केन्या के आवासीय विद्यालयों में आग लगने की घटनाएं आम हैं। इनमें से कुछ घटनाएं आगजनी के कारण होती हैं, जबकि कुछ बिजली संबंधी खराबियों की वजह से होती हैं। केन्या में स्कूल में आगजनी की सबसे घातक घटना 2001 में हुई थी, जब माचाकोस काउंटी में एक छात्रावास में आग लगने से 67 विद्यार्थियों की मौत हो गई थी।

मध्य केन्या में 2024 में एक स्कूल में आग लगने से 21 विद्यार्थियों की झुलसने से मौत हो गई थी। नैरोबी में 2017 में एक स्कूल में आग लगने से 10 विद्यार्थियों की मौत हो गई थी।



# पंजाब में 'ईडी पार्टी' का सफाया; आप की जीत पर केजरीवाल ने भाजपा पर साधा निशाना

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली

29 मई ( ब्यूरो )

पंजाब के शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में आम आदमी पार्टी ( आप ) की बड़ी जीत के बाद पार्टी नेतृत्व उत्साहित नजर आया। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने इसे मुख्यमंत्री भगवंत मान की काम की राजनीति पर जनता की मुहर बताया। उन्होंने कहा कि पंजाब के लोगों ने ऐतिहासिक समर्थन देकर सरकार के कार्यों को सराहा है और पार्टी आगे भी विकास की राजनीति जारी रखेगी।

केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि ईडी पार्टी का पंजाब से सफाया हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ED) के जरिए छोटे व्यापारियों को परेशान किया गया, जिसका जवाब जनता ने चुनाव में दिया। उन्होंने व्यापारियों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में फिर से ईडी छापों की योजना बनाई जा सकती है, लेकिन पंजाब सरकार व्यापारियों के साथ मजबूती से खड़ी है।



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा वीडियो में केजरीवाल ने कहा कि पंचायत चुनावों के बाद अब शहरी निकायों में भी आप को जबरदस्त समर्थन मिला है, जिससे यह साबित हो गया कि पार्टी शहरों और गांवों दोनों में मजबूत स्थिति में है।

वहीं मुख्यमंत्री भगवंत मान ने चुनाव परिणामों को जनता की जीत बताते हुए कहा कि मुफ्त बिजली, आम आदमी क्लीनिक, बेहतर स्कूलों और पारदर्शी भर्ती जैसी योजनाओं पर लोगों ने भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि अब पूरे पंजाब में बिना भेदभाव समान विकास किया जाएगा।

# हिमाचल पंचायत चुनाव का आखिरी रण आज

*देर शाम तक 1187 पंचायतों को मिलेंगे प्रधान और उपप्रधान, पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्यों के लिए डाले गए वोटों की गिनती 31 मई को होगी*

» प्रथम न्यूज । शिमला

29 मई ( बी.शर्मा )

हिमाचल प्रदेश में करीब एक महीने से चल रही पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव प्रक्रिया अब अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गई है। शनिवार 30 मई को प्रदेश में पंचायत चुनाव के तीसरे और आखिरी चरण का मतदान होने जा रहा है। इस चरण में 1187 पंचायतों में वोट डाले जाएंगे। मतदान के साथ ही प्रदेश के गांवों में नए प्रधान, उपप्रधान और पंचायत प्रतिनिधियों की तस्वीर लगभग साफ हो जाएगी। प्रशासन ने सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा और जरूरी व्यवस्थाओं को पूरा कर लिया है।

### सुबह 7 बजे से शुरू होगा मतदान

अंतिम चरण के मतदान के लिए प्रदेशभर में पोलिंग बूथ पूरी तरह तैयार कर दिए गए हैं। मतदान सुबह 7 बजे शुरू होगा और दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इस दौरान करीब 17 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। हजारों उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम और मतपेटियों में कैद होगी। मतदान खत्म होने के बाद पंचायत वार्ड सदस्य, प्रधान और उपप्रधान पद के लिए मतगणना शुरू होगी और देर शाम तक परिणाम घोषित किए जाने की संभावना है।


### 31 मई को आएंगे पंचायत समिति-जिला परिषद के नतीजे

पंचायत प्रधान और उपप्रधान के नतीजों के बाद पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्यों के लिए डाले गए वोटों की गिनती 31 मई को सुबह 9 बजे शुरू होगी। प्रशासन को उम्मीद है कि शाम तक सभी परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश में पंचायत चुनाव की पूरी प्रक्रिया समाप्त हो जाएगी। चुनाव आयोग और प्रशासन ने मतगणना को लेकर भी विशेष तैयारियां की हैं।

### तीन चरणों में पूरे हुए चुनाव

प्रदेश में पंचायत चुनाव तीन चरणों में करवाए गए। पहले चरण में 26 मई को 1293 पंचायतों में मतदान हुआ था। इसके बाद 28 मई को दूसझरे चरण में 1274 पंचायतों में वोटिंग करवाई गई। अब शनिवार को तीसरे और अंतिम चरण में 1187 पंचायतों में मतदान होगा। इन चुनावों के पूरा होने के बाद प्रदेश की 3754 ग्राम पंचायतों को नए प्रधान और उपप्रधान मिल जाएंगे।





## संक्षिप्त न्यूज

### पंजाब सरकार रामबाग के पीड़ित परिवारों की हर तरह की सहायता करेगी : विधायक डॉ. गुप्ता



**अमृतसर ( साहिब दयाल )** रामबाग इलाके में स्थित बांसों वाले बाजार में लगी भीषण आग से एक व्यक्ति की मृत्यु, 30 से अधिक दुकानें पूरी तरह से जल गई और भारी नुकसान हुआ । आज केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ अजय गुप्ता एसडीएम 1 अलका कालिया, प्रशासनिक अधिकारियों और आम आदमी पार्टी वॉलिंटियर्स के साथ बांसा वाला बाजार में पहुंचे। विधायक डॉ गुप्ता ने कहा कि आग लगने से भारी नुकसान हुआ है। विधायक डॉ अजय गुप्ता ने कहा कि आज वह एसडीएम अलका कालिया और सरकारी अधिकारियों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए आए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार पीड़ित परिवारों को हर तरह की सहायता करेगी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा अधिकारियों की ड्यूटी लगवा दी गई है। अधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण करके जितने दुकानदारों का जो भी नुकसान हुआ है उसकी सर्वे रिपोर्ट बनाएंगे। उस रिपोर्ट के अनुसार ही सभी दुकानदारों को वित्तीय सहायता दी जाएगी। विधायक डॉ गुप्ता ने कहा कि जब यह कल घटना घटी वह तुरंत घटनास्थल पर खुद पहुंच गए थे। लगातार 3 घंटे तक घटनास्थल पर मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि घटनास्थल पर उनके साथ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी और फायर ब्रिगेड विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि नगर निगम फायर ब्रिगेड विभाग की 9 गाड़ियां, अमृतसर सेवा समिति के फायर ब्रिगेड गाड़ी और नगर निगम की हाइड्रोलिक प्लेटफार्म की बड़ी गाड़ी भी मंगवा कर आग पर काबू पाया गया। उन्होंने कहा कि जब तक आग पर पूरी तरह से कंट्रोल नहीं हुआ तब तक वह मौके पर ही अधिकारियों के साथ खड़े रहे। इस मौके पर केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के संगठन इंचार्ज हरप्रीत सिंह आहलूवालिया, डॉ सार्थक गुप्ता, वार्ड इंचार्ज विशाल गिल, वासु गिल, रामकुमार, बबीता जायसवाल, रितु महाजन, नारायणी शर्मा, चिराग कुमार भी मौजूद थे।

### दलितों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं : बाबा जोगा सिंह



**अमृतसर ( साहिब दयाल )** आए दिन दलितों पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सांझा एक्शन फ्रंट पंजाब संस्था के मुख्य संचालक जत्थेदार बाबा जोगा सिंह वड़ाला ने कहा कि देश में दलित उत्पीड़न के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। कहीं मारपीट की जा रही है तो कहीं निर्ममता से दलितों की हत्याएं हो रही हैं। दलितों को मुद्दा बनाकर राजनीतिक रोटियां सेंकी जा रही हैं। सिर्फ बयानबाजी हो रही है लेकिन दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नजर नहीं आती है। अब इस अन्याय को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दलित समाज के लोगों को अब शिक्षित और जागरूक होने के साथ एकजुट होना पडेगा। अपने साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ हम लोगों को आवाज उठानी होगी। समाज के अन्य लोगों ने भी दलितों के साथ हो रही घटनाओं की निंदा की है ।

### अमरनाथ जाने वाले वाहनों को मिले टोल टैक्स से छूट : अनुज खेमका



**अमृतसर ( साहिब दयाल )** श्री अमरनाथ यात्रा में जाने वाले शिव भक्तों, उनके लिए लंगर व अन्य सामान को लेकर जाने वाली गाड़ियों से टोल प्लाजा पर टैक्स न वसूला जाए। उक्त बात राष्ट्रीय हिंदू चेतना मंच के पंजाब प्रधान व समाज सेवक अनुज खेमका ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी भगवान भोलेनाथ की यात्रा आरंभ होने जा रही है। जिसमें अमरनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह से लंगर सामग्रियां लेकर सेवक पहुंचते हैं और यह लंगर हर वर्ग के लोगों के लिए होता है। जिसमें किसी भी तरह का कोई भेदभाव नहीं किया जाता। खेमका ने कहा की हम केंद्र सरकार व पंजाब सरकार से निवेदन करते हैं, जो भी अमरनाथ जाने वाले यात्रियों की लंगर सामग्री वाली गाड़ियां है। उनसे टोल की पर्ची न वसूली जाए या जिनके पास पंजीकरण की पर्ची है, उनसे भी टोल न वसूला जाए। क्योंकि यह लोग अमरनाथ जाने वाले यात्रियों के लिए मुफ्त भोजन का प्रबंध करने जाते हैं। जिसमें किसी का भी कोई स्वार्थ नहीं होता।

# पंजाब निकाय चुनाव में AAP की बड़ी जीत, विपक्ष पर मान का हमला

**जनता ने काम की राजनीति चुनी, भाजपा पांचवें स्थान पर : भगवंत मान**

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
29 मई ( एएम नाथ )



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने नगर निकाय चुनावों में आम आदमी पार्टी ( आप ) की शानदार जीत को जनता द्वारा विकास और जनकल्याण की राजनीति पर लगाई गई मुहर बताया है। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता ने कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और भाजपा की नकारात्मक तथा विभाजनकारी राजनीति को पूरी तरह नकार दिया है। मुख्यमंत्री के अनुसार, लोगों ने मुफ्त बिजली, बेहतर शिक्षा, मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाओं और रोजगार जैसी योजनाओं पर भरोसा जताते हुए आप को व्यापक समर्थन दिया है। भगवंत मान ने कहा कि पूरे पंजाब में पार्टी को जबरदस्त समर्थन मिला है।

धूरी में आप ने 21 में से 19 सीटें जीतीं, जबकि गिद्दड़बाहा में 19 में से 17 सीटों पर कब्जा किया। बरनाला में भी पार्टी ने 50 में से 37 सीटें जीतकर विपक्ष को पीछे छोड़ दिया। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि भाजपा कई स्थानों पर अपनी जमानत तक नहीं बचा सकी और राज्य में पांचवें स्थान पर पहुंच गई। उन्होंने भाजपा को ई.डी. पार्टी बताते हुए आरोप लगाया कि केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर आप नेताओं को परेशान करने की कोशिश की गई, लेकिन जनता ने उसका जवाब वोट से दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायत चुनावों, उपचुनावों और अब निकाय चुनावों में मिली सफलता यह साबित करती है कि पंजाब में आप का जनाधार लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि यह जनादेश 2027 विधानसभा चुनावों में पार्टी की और बड़ी जीत का संकेत है। मान ने भरोसा दिलाया कि राज्य के हर शहर, कस्बे और गांव में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह जीत पार्टी को और अधिक समर्पण और मिशनरी भावना से जनता की सेवा करने के लिए प्रेरित करेगी।



## नगर निगम चुनावों में 'आप' का दबदबा, कार्यकर्ताओं ने मनाई जीत की खुशी

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़
29 मई ( एएम नाथ )

पंजाब में नगर निगम और काउंसिल चुनावों में आम आदमी पार्टी ( आप ) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ी जीत दर्ज की है। चुनाव परिणाम सामने आते ही पार्टी के पंजाब प्रदेश कार्यालय में जश्न का माहौल बन गया। सुबह से ही रुझान 'आप' के पक्ष में आने लगे थे, जिसके बाद पार्टी नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कार्यालय पहुंचने लगे। कार्यकर्ताओं ने ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया और एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर जीत की खुशी मनाई। इस मौके पर पंजाब प्रभारी मनीष सिसोदिया, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, विधायक कुलदीप सिंह धालीवाल और मीडिया इंचार्ज बलतेज पन्नू समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नेताओं ने पंजाब की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत मुख्यमंत्री भगवंत मान सरकार की जनहित नीतियों और विकास कार्यों पर जनता की मुहर है। उन्होंने कहा कि नगर निगमों में भी 'आप' की सरकार बनने से शहरों के विकास को नई गति मिलेगी।

## नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों से मिले भाजपा प्रदेश महामंत्री राकेश राठौर

**पुष्पगुच्छ भेंट कर दी शुभकामनाएं, संगठन को और मजबूत करने का जताया विश्वास**



**जालंधर, 29 मई ( शैली अल्बर्ट )** - भारतीय जनता पार्टी पंजाब के प्रदेश महामंत्री राकेश राठौर ने नवनियुक्त भाजपा पंजाब प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उनके साथ भाजपा जिला जालंधर के पूर्व अध्यक्ष रमन पब्बी भी उपस्थित थे

इस अवसर पर राकेश राठौर ने कहा कि केवल सिंह ढिल्लों एक अनुभवी, कर्मठ एवं जमीनी नेता हैं, जिनके नेतृत्व में पंजाब भाजपा संगठन को नई ऊर्जा एवं मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सशक्त बनाया जाएगा तथा केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को पंजाब के हर वर्ग तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाएगा।

राठौर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में राष्ट्रहित, विकास एवं सुशासन की राजनीति को आगे बढ़ा रही है और पंजाब में भी पार्टी लगातार जनसमर्थन प्राप्त कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों के नेतृत्व में पार्टी आगामी समय में संगठनात्मक दृष्टि से और अधिक मजबूत होकर पंजाब में नई राजनीतिक दिशा स्थापित करेगी। इस बैठक के दौरान केवल सिंह ढिल्लों और राकेश राठौर के बीच संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों एवं पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई।

## पूर्व अकाली सरपंच की दबंगई - दलित महिलाओं को पीटकर उलटा राजीनामा करने का बना रहा दबाव

**-पीड़ित बोले इंसाफ देने की बजाए पुलिस राजीनामा होने का कर रही इंतजार।**

» प्रथम न्यूज । अमृतसर
29 मई ( साहिब दयाल )



फताहपुर के नजदीक पड़ते गांव कीर्तनगढ़ के एक दलित परिवार से पूर्व अकाली सरपंच द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। परिवार की 18 वर्षीय लड़की गगनदीप कौर राम बाग सिविल अस्पताल में भी दाखिल रही जिसका मेडिकल ट्रीटमेंट करवाकर वीरवार को छुट्टी दिलाई गई। जख्मी हुई लड़की का चाचा बलजिंदर सिंह, मां रणजीत कौर, जस्सा सिंह, हीरा सिंह, बलवीर कौर, तरसेम सिंह, रुपिंदर कौर ने आरोप लगाते हुए कहा कि 26 मई की शाम को उनके द्वारा पुलिस चौकी फताहपुर में शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने पूर्व अकाली सरपंच व उसके साथ आए हमलावरों पर कोई कार्रवाई नहीं की, उलटा सरकारी मेडिकल ना मिलने की बात कहकर पुलिस राजीनामा होने का इंतजार कर रही है।

-इस मामले को लेकर धुना साहिब ट्रस्ट श्री वाल्मीकि तीर्थ के सेवादारों ने भगवंत सिंह मान सरकार के कार्यकाल में बनाई आप पंचायत पर बेहद रोष व्यक्त किया है। उनका कहना है कि गाँव की पंचायत ने दलित परिवार की महिलाओं पर हुए हमले और जातिसूचक शब्द बोलने पर कोई संज्ञान नहीं लिया।. वहीं पीड़ित दलित परिवार का आरोप है कि पूर्व अकाली सरपंच ने बाहर से 20,25 के करीब अज्ञात व्यक्ति बुलाकर 26 मई की शाम को उनके घर पर तेजधार हथियारों और ईंट पत्थर चलाकर हमला कर दिया। घर के व्यक्ति मौजूद नहीं थे वहीं इस लड़ाई में घर में मौजूद महिलाओं ने किसी तरह बचाव करते हुए कमरों के अंदर छिपकर अपनी जान बचाई। अपने मायके आई उन्होंनो बताया कि यह खूनी लड़ाई गली में पानी फेंकने की वजह से शुरू हुई थी। इसका विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई। वहीं पुलिस ने उलटा गांव कीर्तनगढ़ के पूर्व अकाली सरपंच बलविंदर सिंह बिंदा की शिकायत पर गाली गलौच करने के आरोप में दलित परिवार की महिलाओं के खिलाफ शिकायतनाम ले लिया। वहीं श्री धूना साहिब ट्रस्ट श्री वाल्मीकि तीर्थ के सेवादार सन्नी सहोता ने राज्य सरकार और जिला पुलिस प्रशासन को चेताया है कि अगर दलित परिवार को इंसाफ नहीं मिला तो तीखा संघर्ष किया जाएगा और पूर्व अकाली सरपंच और उसके द्वारा बुलाए गए अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त धाराओं में मामला दर्ज किया जाए।

-पुलिस चौकी फताहपुर के एएसआई हरदेव सिंह ने कहा कि पीड़ित परिवार की शिकायत मिली है पूर्व अकाली सरपंच बलविंदर सिंह उर्फ बिंदा के खिलाफ सख्त कानूनी करवाई की जाएगी।



## भाजपा जालंधर शहरी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों को लेकर की महत्वपूर्ण बैठक



» प्रथम न्यूज । जालंधर
29 मई ( शैली अल्बर्ट )

भारतीय जनता पार्टी जालंधर (शहरी) द्वारा 6 एवं 7 जून को दिल्ली पब्लिक स्कूल, रामा मंडी में आयोजित किए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला जालंधर शहरी के अध्यक्ष सुशील शर्मा की अध्यक्षता में संचालन समिति के सदस्यों की कार्यक्रम के रूपरेखा की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई। मौके पर इस प्रशिक्षण शिवर के प्रमुख भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश कोर कमेटी के मेंबर जीवन गुप्ता एवं सह प्रमुख प्रदेश सचिव मीनू सेठी मुख्य रूप से उपस्थित हुए

बैठक के दौरान प्रशिक्षण शिविर की रूपरेखा, व्यवस्थाओं, कार्य विभाजन तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर प्रदेश भाजपा कोर ग्रुप के सदस्य जीवन गुप्ता ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचार भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और यह प्रशिक्षण शिविर संगठनात्मक मजबूती एवं कार्यकर्ताओं के वैचारिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य कर रहा है और यह शिविर संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगा।

सुशील शर्मा ने संचालन समिति के सभी सदस्यों से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में शिविर में आने वाले पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के स्वागत, बैठने की व्यवस्था, भोजन, पंजीकरण, मंच संचालन तथा अन्य प्रबंधों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर संचालन समिति के सदस्य उपस्थित रहे जिसमें इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संचालन समिति के प्रमुख अशोक सरीन हिक्की,सह प्रमुख दविंदर भारद्वाज,मनीष विज,अतिथि संपर्क समिति ,सुभाष सूद,रवि महेंदरू,आवास समिति के प्रमुखअमरजीत सिंह गोल्डी,सह-प्रमुख अमित भाटिया,शाम शर्मा,भोजनालय प्रमुख अश्वनी भंडारी सह-प्रमुख पार्षद कंवर सरताज,एडवोकेट डिंपी लुभाना,मंच संचालन प्रमुख दविंदर कालिया,सह-प्रमुख बृजेश शर्मा,प्रमोद कश्यप,नियंत्रक समिति प्रमुख पुनीत शुक्ला (सिवल मेंबर कैंट बोर्ड जालंधर कैंट),सह-प्रमुख दर्शन लाल भगत,श्रीमती शालू,पंजीकरण समिति प्रमुख भूपेन्द्र कुमार,सह-प्रमुख गोपाल कृष्ण सोनी,योगेश मल्होत्रा,दीपाली बागड़िया,अनिल शर्मा,विकास कैथ,प्रचार मीडिया विभाग प्रमुख अमित भाटिया,सह-प्रमुख दिनेश मल्होत्रा,उमेश बतरा,प्रदर्शनी प्रमुख राजेश कपूर,सह-प्रमुख राजेश मल्होत्रा (आर.के),सन्नी शर्मा,परिसर सज्जा सह-प्रमुख संजीव मनी,पंकज जुल्का,सूर्या मिश्रा,सुरक्षा विभाग प्रमुख ललित बब्बू,सह-प्रमुख मनीष बल,अजय ठाकुर,सोनू चौहान,सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख,राजीव ढींगरा, आदि कार्यकर्ताओ को अलग-अलग विभागों कि जिम्मेवारी दी गई।इस बैठक मे जिन भाजपा कार्यकर्ताओ की ड्यूटी लगाई गई वो सब उपस्थित रहे।

बैठक में उपस्थित संचालन समिति के सभी सदस्यों ने अध्यक्ष सुशील शर्मा को विश्वास दिलाया कि भाजपा जिला जालंधर शहरी के अधीन लगने वाले पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

## विधायक रंधावा ने गांव दुला नंगल में खेल मैदान का किया उद्घाटन

» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर
29 मई ( संदीप सन्नी )




डेरा बाबा नानक के विधायक गुरदीप सिंह रंधावा द्वारा सीमावर्ती गांव दुला नंगल में नवनिर्मित खेल मैदान का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उनके साथ एडीसी (विकास) गुरप्रीत सिंह गिल, बीडीपीओ सुरजीत सिंह, सरपंच सुरेंद्रपाल सिंह, पंचायत अधिकारी मनजिंदर सिंह और भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। उद्घाटन समारोह के दौरान युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट्स भी वितरित की गईं।

**युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए राज्य में बन रहे 3100 मैदान**

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह और युवाओं को संबोधित करते हुए विधायक रंधावा ने कहा कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने और उनकी ऊर्जा को सही दिशा देने के लिए पूरे राज्य में 3100 अत्याधुनिक खेल मैदान तैयार करवा रही है। इसी कड़ी के तहत गांव दुला नंगल में इस खेल मैदान का निर्माण पूरा कर इसे जनता को समर्पित किया गया है, जहां गांव और आसपास के युवा अपनी खेल प्रतिभा को निखार सकेंगे।

**रंगला और नशा मुक्त पंजाब हमारा मुख्य लक्ष्य**

विधायक रंधावा ने जोर देकर कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास कार्यों के लिए पंजाब सरकार के पास फंड की कोई कमी नहीं है। पंजाब को फिर से रंगला पंजाब और नशा मुक्त राज्य बनाने के लिए लगातार नए-नए विकास प्रोजेक्ट तैयार कर उन्हें धरातल पर लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव में खेल मैदान बनने से जहां हमारे युवाओं की खेलों में रुचि बढ़ेगी, वहीं उन्हें अभ्यास के लिए एक बेहतरीन मंच मिलेगा, जिससे वे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने सपनों को पूरा कर सकेंगे।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस है नया खेल मैदान**

उन्होंने कहा कि इस मैदान के शुरू होने से गांव के युवाओं और खेल प्रेमियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है। इस शानदार ग्राउंड में खिलाड़ियों की सुविधा के लिए-

चारों तरफ मजबूत चारदीवारी
आधुनिक शौचालय
स्वच्छ पीने के पानी की व्यवस्था
**और मैच के दौरान टीमों के बैठने के लिए विशेष पवेलियन/प्रबंध किए गए हैं।**

अंत में, गांव की पंचायत और युवाओं ने इस खेल मैदान की सौगात के लिए विधायक रंधावा और पंजाब सरकार का विशेष आभार व्यक्त किया।

## शिरोमणि अकाली दल इंडस्ट्री विंग के नए ज़िला प्रेसिडेंट गुरप्रीत सिंह रंधावा को फेडरेशन ऑफ़ इंडस्ट्रीज एंड ट्रेड ने किया सम्मानित

» प्रथम न्यूज । जालंधर
29 मई ( डोगरा )



शिरोमणि अकाली दल के प्रेसिडेंट सुखबीर सिंह बादल, शिरोमणि अकाली दल इंडस्ट्री विंग के प्रेसिडेंट एनके शर्मा और ज़िला अकाली दल जालंधर अर्बन के प्रेसिडेंट इकबाल सिंह ढींडसा द्वारा जालंधर शहर के जाने-माने इंडस्ट्रियलिस्ट गुरप्रीत सिंह रंधावा को शिरोमणि अकाली दल इंडस्ट्री विंग ज़िला जालंधर का प्रेसिडेंट बनाए जाने के बाद, फेडरेशन ऑफ़ इंडस्ट्रीज एंड ट्रेड ने बेस्ट वेस्टर्न प्लस होटल में एक मीटिंग की। इस मौके पर गुरप्रीत सिंह रंधावा को बधाई दी गई और उन्हें एक मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर गुरप्रीत सिंह रंधावा ने फेडरेशन ऑफ़ इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों और सदस्यों का धन्यवाद किया और कहा कि उन्हें इंडस्ट्री की समस्याओं के बारे में अच्छी तरह पता है, हम इंडस्ट्री की समस्याओं को लेकर आवाज़ उठाएंगे और मुद्दों को हल करने की हर मुमकिन कोशिश की जाएगी। इस मौके पर फेडरेशन ऑफ़ इंडस्ट्रीज एंड ट्रेड के प्रेसिडेंट सुनील शर्मा, क्रांति मीटर्स से अशोक शर्मा, बेदी एक्सपोर्ट से जसजीत सिंह बेदी, यूनिसन ग्रुप से राजकरण सिंह, नूतन मेटल इंडस्ट्रीज से गौरव वाधवा, डीसी कपूर इंडस्ट्रीज से संदीप कपूर, वाईएच इंडस्ट्रीज से जसदीप सिंह, अजय अग्रवाल, मेहता मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्रीज से सुनील मेहता, विरदी इंडस्ट्रीज से अजीत सिंह विरदी, अशोक कुमार, गौरव बस्सी, गोल्डी, सुन्नी अरोड़ा, जरनैल सिंह रंधावा और शहर की जानी-मानी इंडस्ट्रीज़ मौजूद ।

## पूर्व एमपी सुशील कुमार रिंकू ने नासिर सलमानी को दी ईद की मुबारकबाद

» प्रथम न्यूज । जालंधर
29 मई ( डोगरा )



ईद उल अजहा के मौके पर पूर्व एमपी सुशील कुमार रिंकू और डॉक्टर सुनीता रिंकू नासिर सलमानी पूर्व अल्पसंख्यक आयोग मेंबर पंजाब सरकार के घर पर ईद की मुबारकबाद देने पहुंचे ।इस मौके पर सुशील कुमार रिंकू ने कहा कि ईद उल अजहा का त्योहार त्याग तथा बलिदान को प्रेरित करता है। जब इंसान में त्याग तथा बलिदान की भावना पैदा होती है, तो उसमें उस नकारात्मक शक्तियां खुद-ब-खुद दूर हो जाती है। ऐसे में समाज के प्रति त्याग तथा बलिदान की भावना का होना सबसे अहम है इस मौके पर बीजेपी सीनियर लीडर तरसेम थापा, राहुल बाजवा ,हाजी अली हसन, वाजिद सलमानी ,मयूर सलमानी , हाजी नसीम सलमानी, मुस्तकीम सलमानी, नफीस सलमानी, नाहिद सलमानी, दानिश सलमानी मौजूद थे।

प्रथम न्यूज
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक





## संक्षिप्त न्यूज

### लड़कियों को कैंसर रोधी टीका लगवाने का आखिरी मौका

**हमीरपुर ( एएम नाथ )**- सर्विकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) से बचाव हेतु आरंभ किए गए एचपीवी टीकाकरण अभियान के तहत 14-15 वर्ष के आयु वर्ग की लड़कियों को मुफ्त टीके लगवाने का अब आखिरी मौका है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने बताया कि यह विशेष अभियान 31 मई को समाप्त होने जा रहा है। इसके बाद 15 वर्ष की आयु पार करने वाली लड़कियों को भविष्य में यह टीका लगवाने का अवसर नहीं मिलेगा।

डॉ. अजय अत्री ने बताया कि शुक्रवार को जिला में 15 लड़कियों ने यह टीका लगवाया और इसके साथ ही जिला में एचपीवी वैक्सीन का टीका लगवाने वाली लड़कियों की संख्या 1370 हो गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने 14-15 वर्ष के आयु वर्ग की सभी लड़कियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों से अपील की है कि वे 31 मई तक सभी पात्र लड़कियों की वैक्सीनेशन सुनिश्चित करने में सहयोग करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि महिलाओं में बार-बार इनफेक्शन के कारण सर्विकल कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। सर्विकल कैंसर की शिकार लगभग 99.7 प्रतिशत महिलाओं में इसका कारण लंबे समय तक इनफेक्शन होना ही है। एक अध्ययन के अनुसार एक लाख महिलाओं में लगभग 14 महिलाएं इससे ग्रस्त पाई जाती हैं। महिलाओं में ब्रैस्ट कैंसर के बाद सर्विकल कैंसर सबसे ज्यादा पाया गया है। इस गंभीर रोग से बचाव के लिए ही एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान आरंभ किया गया है।

### सहायक स्टाफ नर्स की परीक्षा का परिणाम घोषित

**हमीरपुर ( ब्यूरो )**- हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग (एचपीआरसीए) ने सहायक स्टाफ नर्स के 312 पदों (पोस्ट कोड 25026) को भरने के लिए 4 और 5 मई को आयोजित कंप्यूटर बेस्ड स्क्रीनिंग टेस्ट का परिणाम घोषित कर दिया है। परीक्षा का परिणाम आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी.इन hprca.hp.gov.in पर उपलब्ध करवा दिया गया है।

आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि इस परीक्षा में उत्तीर्ण 813 उम्मीदवारों की डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया 9 जून सुबह 10 बजे से आयोग के परिसर में आरंभ होगी, जिसका शेड्यूल अलग से अपलोड किया जाएगा और उम्मीदवारों को उनकी ईमेल आईडी पर सूचित किया जाएगा। उन्हें अलग से बुलावा पत्र नहीं भेजे जाएंगे। डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के समय इन उम्मीदवारों को अपने साथ सभी आवश्यक दस्तावेजों की मूल प्रतियां, इनकी सेल्फ अटेस्टड फोटो प्रतियों के दो-दो सैट, आवेदन पत्र की डॉउनलोडड कॉपी और आईडी प्रूफ इत्यादि साथ लाने होंगे।

सचिव ने बताया कि अगर कोई उम्मीदवार निर्धारित तिथि को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए उपस्थित नहीं होता है तो उसे कोई और अवसर नहीं दिया जाएगा।

### जिला चम्बा में 30 मई को तृतीय चरण के अंतर्गत 85 ग्राम पंचायतों में होगा मतदान

**चंबा ( एएम नाथ )** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायती राज सामान्य निर्वाचन-2026 के अंतर्गत 30 मई को तृतीय चरण के अंतर्गत ज़िला की 85 ग्राम पंचायतों में मतदान प्रक्रिया संपन्न होगी। मुकेश रेपसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि तीसरे चरण के अंतर्गत विकास खंड चम्बा की 15, तीसा की 16, मैहला की 17, सलूणी की 14 और भटियात की 23 पंचायतें शामिल हैं।



**विकास खण्ड चम्बा के तहत इन ग्राम पंचायतों में होगा मतदान** - पधर साहो, सरोल, उदयपुर, दुलाहर, मसरूंड, कुरैणा, जडेरा, सुंगल, चनेड़, पन्जोह, भनोता, साच, पुखरी, रूपणी व राजपुरा

**विकास खण्ड तीसा** - थनेईकोठी, तीसा-2, गड़फरी, करेरी, बन्नतर, कुठेड़बुदोड़ा, पधर, जुनास, गुवाड़ी, शिरी, डोंरी, जुंगरा, नेरा, देहरोग, कल्हेल व चोली

**विकास खण्ड मैहला** - मैहलोह, घलूण, कुम्हारका, जांघी, गागला, मंगला, कुपाहड़ा, भड़ियाँ, मैहला, गुराड़, दाड़वीं, लोथल, ब्रेही, लेच, राड़ी, गाण व कुनेड़

**विकास खण्ड सलूणी** - पंजेई, डांड, कंधवारा, द्रेकड़ी, लिग्गा, भलेई, खरोठी, सालवां, मांझली, सुंडला, कंगेड़, संघणी, सूरी व ब्रंगाल

**विकास खण्ड भटियात** - छलाडा, ककरोटी, सिहुन्ता, कामला, समोट, टिक्करी, बनेट, धरुं, बिन्ना, साडल, तुरकड़ा, परछोड़, अवांह, कुड्डी, घटासनी, ककीरा कस्बा, चलामा, ककीरा जरेई, बैली, उधराल, नगाली, देवीदेहरा व बगढार ग्राम पंचायतों में वोट डाले जाएंगे। उपायुक्त ने समस्त मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया है।

# हिमाचल में हर विधानसभा क्षेत्र में खुलेंगे राजीव गांधी मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल

## शिक्षा सुधारों को गति आधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे सरकारी स्कूल

» प्रथम न्यूज । शिमला
29 मई ( बी शर्मा )

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शिक्षा विभाग को राज्यभर में राजीव गांधी सरकारी मॉडल डे बोर्डिंग स्कूलों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार का उद्देश्य प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में कम से कम एक आधुनिक मॉडल स्कूल स्थापित करना है, ताकि ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके।

सरकारी प्रवक्ता के अनुसार इन मॉडल स्कूलों में पूर्व-प्राथमिक कक्षाओं से लेकर 12वीं तक शिक्षा दी जाएगी। स्कूलों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, जिनमें स्मार्ट क्लासरूम, खेल मैदान, इंडोर स्टेडियम, स्विमिंग पूल और अन्य अत्याधुनिक संसाधन शामिल होंगे। सरकार का मानना है कि इन सुविधाओं से सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार आएगा और विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षण वातावरण मिलेगा।

मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र को



मजबूत करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। कांग्रेस सरकार बनने के बाद शिक्षा व्यवस्था में कई महत्वपूर्ण सुधार शुरू किए गए हैं। प्रशासनिक दक्षता और शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा के अलग-अलग निदेशालय गठित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि शिक्षकों और छात्रों के लिए अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर कार्यक्रम भी शुरू किए गए हैं। शिक्षकों को आधुनिक शिक्षा प्रणाली की जानकारी के लिए विदेश भेजा जा रहा है, जबकि मेधावी छात्रों को भी शैक्षणिक भ्रमण के तहत विदेश भेजने की योजना लागू की गई है। इसके साथ ही शिक्षकों के रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जा रहा है ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

राज्य सरकार ने 156 सरकारी स्कूलों को सीबीएसई पाठ्यक्रम से जोड़ने का भी निर्णय लिया है। इन स्कूलों में कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय की पढ़ाई शुरू की जा रही है, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर प्राप्त होंगे।

मुख्यमंत्री ने शिक्षा क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की प्रदर्शन ग्रेडिंग सूचकांक (क्क्रढ्ढ) 2.0 रिपोर्ट में राज्य ने स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता के मामले में देशभर में छठा स्थान हासिल किया है। हिमाचल ने अपनी रैंकिंग 13वें स्थान से सुधारकर छठे स्थान तक पहुंचाई है। वहीं राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2025 में भी हिमाचल प्रदेश देश के शीर्ष पांच राज्यों में शामिल हुआ है।

# शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिले 21 विद्यार्थी

» प्रथम न्यूज । शिमला
29 मई ( एएम नाथ )



पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना से लाभान्वित अनुसूचित जनजातीय क्षेत्र के 21 विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से सचिवालय में भेंट की और अपने शैक्षणिक अनुभव साझा किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार डा. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना के तहत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए 20 लाख रुपये तक का ऋण एक प्रतिशत ब्याज दर पर उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने विद्यार्थियों से इस सुविधा का भरपूर लाभ उठाकर जीवन में अपने लक्ष्य हासिल करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में विभिन्न सुधार किए हैं ताकि विद्यार्थियों को उनके घरों के निकट गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सके। सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के 156 से अधिक स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू किया है।

इन स्कूलों में विद्यार्थियों को कला, विज्ञान और वाणिज्य संकायों में शिक्षा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के व्यावहारिक प्रयासों के परिणामस्वरूप शिक्षा क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन देखने को मिला है और हाल ही में किए गए एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में हिमाचल प्रदेश 13वें स्थान से बढ़कर 6वें स्थान पर पहुंच गया है।


उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बेटियों की विवाह योग्य आयु को भी लड़कों के समान 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष कर दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अनुसूचित जनजाति समुदाय की शिक्षा में भूमिका से लोगों को अवगत करवाने के लिए 10 मई से 9 जून, 2026 तक अनुसूचित जनजाति गरिमा उत्सव मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर शिक्षा सचिव राकेश कंवर, उच्च शिक्षा निदेशक हरीश कुमार तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# चेस्टर हिल्स मामले में हाईकोर्ट सख्त

## राज्य केंद्र सरकार समेत ईडी-सीबीआई को नोटिस

**शिमला ( बी शर्मा )**- हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने सोलन के रिहायशी प्रोजेक्ट चेस्टर हिल्स में वित्तीय अनियमितताओं, बेनामी लेनदेन और धारा-118 के उल्लंघन के मामले में कड़ा रुख अपनाया है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश बिपिन चंद्र नेगी की खंडपीठ ने राज्य और केंद्र सरकार समेत प्रदेश के मुख्य सचिव, डीजीपी, पुलिस अधीक्षक शिमला-सोलन, संजय गुप्ता, ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया। इसके अलावा चेस्टर हिल्स के प्रमोटर एवं डेवलपर हंसराज, आदित्य सिंगला और अर्पित गर्ग को भी नोटिस जारी कर तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई 20 जुलाई को होगी।




जनहित याचिका में आरोप लगाया गया है कि मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने अस्थायी राजस्व सचिव रहते हुए चेस्टर हिल्स के प्रमोटरों को लाभ पहुंचाने वाले आदेश जारी किए, जिसके बदले में उन्होंने पंजाब के खरड़ में लगभग 3.15 हेक्टेयर जमीन खरीदी। याचिका के अनुसार, इस जमीन की बाजार कीमत 75 से 125 करोड़ रुपये के बीच बताई जा रही है, जबकि संजय गुप्ता ने इसके लिए केवल 1 करोड़ 38 लाख रुपये का भुगतान किया। आरोप है कि जमीन की खरीद के लिए धनराशि चेस्टर हिल्स के प्रमोटरों की ओर से उपलब्ध करवाई गई थी। चेस्टर हिल्स के प्रमोटरों ने यह पैसा जमीन खरीदने में इसलिए लगाया क्योंकि अस्थायी राजस्व सचिव रहते हुए गुप्ता ने उन्हें लाभ पहुंचाया था। याचिका में यह भी कहा गया है कि उस समय नियमित राजस्व सचिव केके पंत अवकाश पर थे और उनके स्थान पर संजय गुप्ता ने कार्यभार संभाला था। इसी दौरान उन्होंने ऐसे आदेश पारित किए जो उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर बताए जा रहे हैं। हालांकि बाद में राज्य सरकार ने उन आदेशों को वापस ले लिया था।

# हाईकोर्ट में बोली हिमाचल सरकार, नगर निकाय पार्षदों को 7 जून तक दिलाई जाएगी शपथ

» प्रथम न्यूज । शिमला
29 मई ( बी शर्मा )

राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में कहा है कि नवनिर्वाचित नगर निकाय पार्षदों को सात दिन के भीतर शपथ दिलाई जाएगी। इस मामले में हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। अदालत में नवनिर्वाचित नगर पालिका पार्षदों को नियमानुसार सात दिन के भीतर शपथ न दिलाए जाने को लेकर मामला आया है। इस बारे में दायर याचिकाओं पर सुनवाई अब 1 जून को भी जारी रहेगी। वहीं, राज्य सरकार ने हाईकोर्ट को सूचित किया है कि नगर निकाय चुनावों में निर्वाचित पार्षदों को 7 जून तक शपथ दिला दी जाएगी।

हाई कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजन शर्मा की खंडपीठ को बताया गया कि नगर पालिकाओं के निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाने के लिए बैठक आयोजित की जानी है। इसके लिए सात दिन का नोटिस



देना आवश्यक है। अधिनियम और नियमों के अनुसार इसकी अधिकतम समय सीमा 30 दिन निर्धारित है।

सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि जिलों के डीसी और एसडीएम सहित संबंधित अधिकारी वर्तमान में पंचायती राज चुनावों में व्यस्त हैं। पंचायत चुनावों के लिए मतदान 26, 28 और 30 मई 2026 को निर्धारित किया गया है। इसके परिणाम 31 मई तक घोषित किए जाने हैं। सरकार ने आश्वासन दिया कि नगर पालिकाओं के निर्वाचित सदस्यों को 7 जून तक या उससे पहले शपथ दिला दी जाएगी। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकार बार-बार नियमों में बदलाव कर रही है। इस से सुप्रीम कोर्ट के 31 मई तक चुनाव प्रक्रिया पूरी करने के आदेश का उल्लंघन हो रहा है। उन्होंने मांग उठाई कि याचिका लंबित रहने तक सरकार को चुनाव संबंधी मौजूदा नियमों में बदलाव करने से रोका जाए। कोर्ट ने इस मांग पर सोमवार को विचार करने की बात कही है।

प्रार्थियों ने यह भी सवाल उठाया कि चुनाव की शेष प्रक्रिया (जिसमें निर्वाचित पार्षदों को शपथ दिलाना शामिल है) का कार्यक्रम राज्य सरकार कैसे तय कर सकती है? यह कार्य राज्य चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। इस पर सरकार ने कहा कि 23 मई की अधिसूचना जारी होने के बाद राज्य चुनाव आयोग की भूमिका समाप्त हो चुकी है और आगे की प्रक्रिया हिमाचल प्रदेश नगर पालिका चुनाव नियम, 2015 के नियम 80 के तहत राज्य सरकार द्वारा पूरी की जानी है।

उल्लेखनीय है कि मंडी जिले की सुंदरनगर नगर परिषद से निर्वाचित पार्षद राकेश चंचल, विजय कुमार और लकेश कुमार सहित ठियोग से दिनेश शर्मा और सीमा ने कानून में निर्धारित समयावधि के भीतर शपथ न दिलाए जाने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में हिमाचल सरकार, राज्य चुनाव आयोग और शहरी विकास विभाग को पक्षकार बनाया गया है।

# तीसरे और अंतिम चरण के चुनाव में 86 हजार 676 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

## पंचायतीराज संस्थाओं के दूसरे चरण में जिला की 58 ग्राम पंचायतों में होगा मतदान

» प्रथम न्यूज । बिलासपुर
29 मई ( जितेंद्र गौतम )

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि जिला बिलासपुर में पंचायती राज संस्थाओं के तीसरे व अंतिम चरण में 30 मई को होने जा रहे मतदान के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियों को पूर्ण कर लिया है। तीसरे चरण में जिला की 58 ग्राम पंचायतों में कुल 86 हजार 676 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। जिनमें 43 हजार 448 पुरुष तथा 43 हजार 228 महिला मतदाता शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि जिला में तीसरे चरण के लिए कुल 326 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिनमें 227 मतदान केंद्र सामान्य श्रेणी के, 74 संवेदनशील तथा 25 अति संवेदनशील मतदान केंद्र शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सभी संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान और मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के विशेष प्रबंध किए गए हैं ताकि मतदान और मतगणना प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हो सके। उपायुक्त ने बताया कि तृतीय चरण में सदर विकास खंड की 15 पंचायतों के 79 वार्ड, घुमारवीं विकास खंड की 21 पंचायतों के 123 वार्ड, झंडूता विकास खंड की 15 पंचायतों के 87 वार्ड तथा श्री नैना देवी जी विकास खंड की 7 पंचायतों के 37 वार्डों सहित कुल 326 वार्ड शामिल हैं।

राहुल कुमार ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा है कि सभी मतदाता लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर भाग लें तथा बिना किसी भय या प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करना प्रत्येक मतदाता की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर प्रत्येक मतदाता अपने साथ निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एपिक कार्ड अथवा कोई वैध पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट या पैन कार्ड अवश्य लेकर आएं। मतदाता मतदान केंद्र पहुंचने से पहले मतदाता सूची में अपना नाम तथा क्रमांक संख्या अवश्य जांच लें। मतदान का समय सुबह 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित किया गया है।

उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर शांति एवं




अनुशासन बनाए रखें तथा महिला, दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं का सहयोग करें। मतदाता अपनी बारी का धैर्यपूर्वक इंतजार करें तथा गर्मी से बचाव के लिए अपने साथ छाता और पानी आदि लेकर आएं। मतदान की गोपनीयता बनाए रखना प्रत्येक मतदाता की जिम्मेदारी है, इसलिए बैलेट पेपर पर मुहर लगाते समय किसी को भी मतदान की जानकारी न दें। उपायुक्त ने मतदाताओं से यह भी आग्रह किया है कि मतदान केंद्र के भीतर मोबाइल फोन या कैमरा लेकर न जाएं। मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में किसी भी राजनीतिक दल का चुनाव चिन्ह, टोपी, गमछा, पर्चा या प्रचार सामग्री प्रतिबंधित है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन में आकर मतदान न करें तथा किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर वोट डालने का प्रयास न करें। बैलेट पेपर की फोटो खींचना तथा मतदान की गोपनीयता भंग करना दंडनीय अपराध है। मतदाता बैलेट पेपर पर हस्ताक्षर या नाम न लिखें तथा केवल निर्धारित चुनाव चिन्ह पर ही मुहर लगाएं।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों के मतों की गणना मतदान समाप्त होने के बाद की जाएगी जबकि पंचायत समिति एवं जिला परिषद के मतों की गणना 31 मई को निर्धारित मतगणना स्थलों में की जाएगी।

### तीसरे चरण में जिला की इन 58 ग्राम पंचायतों में होगा मतदान

जिला बिलासपुर में पंचायती राज संस्थाओं के तृतीय एवं अंतिम चरण 30 मई को 58 ग्राम पंचायतों में मतदान करवाया जाएगा, जिनमें विकास खण्ड झण्डुता की ग्राम पंचायत डूडीयां, बडगांव गलू, बलोह, सनीहरा, नघियार, घंडीर, मौहीं, बडोल, बैरी-दडौला, निहाण, विजयपुर, दाडी-भाडी, बाला, दसलेहडा तथा झण्डुता शामिल है। इसी तरह विकास खण्ड घुमारवीं के अंतर्गत ग्राम पंचायत बकरोआ, पनौल, सियुनखास, मल्यावर, हवाण, कोठी, छत, पपलाह, तलवाड़ा, कोट, मैहरीकाथला, पटेर, सलाओं उपरली, लैहडीसरेल, तडौन, दधोल, पलासला, घुमारवीं, बाड़ी मंझेडवां, तियुणखास तथा छदोह जबकि विकास खण्ड सदर के अंतर्गत ग्राम पंचायत नौणी, बेनला-ब्राह्मणा, कंदरौर, जमथल, धौनकोठी, सोलग जुरासी, नोग, स्योहला, मैहथी, कल्लर, निहारखन बासला, दिगथली, सोलधा, भोली तथा ओयल शामिल है। इसी दिन श्रीनैना देवी जी विकासखण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बैहल, नकराणा, सलोआ, ग्वालथाई, तरसूह, कोलांवाला टोबा तथा रौडजामन ग्राम पंचायतों में चुनाव संपन्न होगा।

# पट्टा मेहलोग में मतगणना प्रक्रिया को संपन्न करने के उद्देश्य से कराया पूर्वाभ्यास

## मतगणना के लिए तैयारियां पूरी की, पूर्वाभ्यास में 25 मतगणना टेबल स्थापित किए

» प्रथम न्यूज । पट्टा मेहलोग
29 मई ( तारा )

जिला परिषद एवं पंचायत समिति चुनावों की मतगणना प्रक्रिया को सफल, पारदर्शी, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न करवाने के उद्देश्य से शुक्रवार को विकास खंड पट्टा में मतगणना पूर्वाभ्यास का आयोजन किया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान मतगणना ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतगणना की संपूर्ण प्रक्रिया, मतपत्रों की जांच, गणना, अभिलेख संधारण तथा परिणाम संकलन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों की ओर से मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित कर्मचारियों को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से मतगणना प्रक्रिया संपन्न करवाने के निर्देश दिए गए।

खंड विकास अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी पट्टा कुलदीप सिंह ने कहा कि प्रशासन की ओर से मतगणना प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनकी जिम्मेदारियों के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए जा चुके हैं।

मतगणना पूर्वाभ्यास में कुल 25 मतगणना टेबलें स्थापित की गईं, जिनमें प्रत्येक टेबल पर तीन-तीन कर्मचारियों की नियुक्ति की गई। प्रत्येक टीम को मतगणना कार्य के विभिन्न चरणों का व्यवहारिक अभ्यास करवाया गया। वास्तविक मतगणना के दौरान किसी प्रकार की त्रुटि या भ्रम की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके अतिरिक्त किसी भी आकस्मिक आवश्यकता अथवा अतिरिक्त कार्यभार की स्थिति से निपटने के लिए 6 रिजर्व टीमों को भी तैयार रखा गया।

पूर्वाभ्यास के दौरान सीलिंग सेक्शन एवं कंपाइलिंग सेक्शन में तैनात कर्मचारियों को भी उनके दायित्वों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अधिकारियों की ओर से मतपत्रों की सीलिंग, रिकॉर्ड संधारण, परिणामों के संकलन तथा विभिन्न प्रपत्रों को सही तरीके से भरने की प्रक्रिया का अभ्यास करवाया गया। साथ ही मतगणना के दौरान पारदर्शिता बनाए रखने, नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक चरण को सावधानीपूर्वक संपन्न करवाने के निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर एसडीएम डॉ संजीव धीमान, तहसीलदार सतिंदरजीत, नायब तहसीलदार जगदीश शर्मा, नायब तहसीलदार कृष्णगढ़ सूरत सिंह तथा खंड विकास अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी पट्टा कुलदीप सिंह उपस्थित रहे।





## संक्षिप्त न्यूज



### नशा मुक्त हो जिला अभियान तहत कैथल पुलिस का लगातार एक्शन

**कैथल ( कृष्ण गर्ग ):** जिला में नशा व शराब तस्करों की धरपकड़, आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार कैथल पुलिस द्वारा नशा मुक्त हो जिला अभियानके तहत लगातार विशेष कॉम्बिंग एवं चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। प्रतिदिन अलग-अलग थाना क्षेत्रों के गांवों और बस्तियों को चयनित कर सर्च अभियान चलाया जाता है। इसी कड़ी में शुक्रवार को थाना गुहला तथा थाना पुंडरी द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में व्यापक सर्च ऑपरेशन चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों व ठिकानों की गहन जांच की गई।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना गुहला एसएचओ इंस्पेक्टर रमेश की अगुवाई में गांव चाणचक, खेड़ी दाबन व सुल्तानियां में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त थाना पुंडरी प्रभारी इंस्पेक्टर शिव कुमार के नेतृत्व में गांव पाई में संदिग्ध नशा व शराब तस्करों के घरों तथा संभावित ठिकानों पर विशेष सर्च अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों द्वारा गहन तलाशी लेते हुए यह जांच की गई कि कहीं किसी स्थान पर मादक पदार्थ, अवैध शराब या अन्य गैरकानूनी सामग्री छिपाकर तो नहीं रखी गई। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर भी नजर रखी गई। इस दौरान थाना पुंडरी पुलिस टीम द्वारा गांव पाई से सर्च अभियान दौरान गांव पाई निवासी कृष्ण कुमार, मदन व भारत को काबू किया गया। जांच दौरान आरोपियों के कब्जे से 2.2 ग्राम हैरोइन बरामद हुई।एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि जिला पुलिस का मुख्य उद्देश्य कैथल को नशा मुक्त बनाना तथा अपराधियों में कानून का भय उत्पन्न करना है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नशा तस्करी जैसे समाज विरोधी अपराधों में शामिल व्यक्तियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जिला पुलिस द्वारा सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए लगातार कॉम्बिंग ऑपरेशन, चेकिंग अभियान तथा निगरानी की जा रही है। कैथल पुलिस भविष्य में भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रखेगी, ताकि जिला में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था पूरी तरह कायम रहे।

### अलग अलग 2 मामलों में 2 भगोड़े आरोपी काबू



**कैथल ( कृष्ण गर्ग ):** पी.ओ./बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम अंतर्गत अलग अलग 2 मामले में 2 उद्घघोषित आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना चीका पुलिस प्रभारी एसआई प्रवीन कुमार की अगुवाई में एएसआई विजय कुमार द्वारा आरोपी अम्बा कॉलोनी चीका निवासी राजेश कुमार को गिरफ्तार किया गया। आरोपी पर 25 अप्रैल 2025 को अम्बा कॉलोनी चीका में अपने अन्य साथियों के साथ एक महिला को चोटे मारने का आरोप है। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज है। उक्त मामले में आरोपी न्यायालय से जमानत हासिल करने उपरांत न्यायालय में हाजिर नहीं हुआ। जिसे माननीय न्यायालय द्वारा 18 अप्रैल 2026 को बेलजंपर घोषित किया था। एक अन्य मामले में एएसआई पवन कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव रामगढ़ पाडवां निवासी बीरबल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी माननीय न्यायालय द्वारा थाना कलायत अंतर्गत के वर्ष 2021 दौरान चैक बाउंस मामले में 24 फरवरी 2026 को पी ओ घोषित किया गया था। पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### शराब तस्करी के अलग अलग 2 मामलों में 2 आरोपी काबू, 39.25 बोतल शराब बरामद

**कैथल ( कृष्ण गर्ग ):** अवैध शराब तस्करों व अवैध शराब खुर्दों पर एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अलग अलग 2 मामलों में 2 आरोपियों को 39.25 बोतल देसी शराब सहित काबू कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पहले मामले में चौंकी अनाज मंडी पुलिस के एसआई रमेश चंद्र की टीम द्वारा गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिलने उपरांत बैंक कॉलोनी कैथल में दबिश सड़क किनारे कट्टा रख शराब बेच रहे आरोपी बैंक कॉलोनी कैथल निवासी सागर को काबू कर लिया गया। जांच दौरान आरोपी को कब्जे में प्लास्टिक कट्टे से 26 बोतल देसी शराब बरामद हुई।

दुसरे मामले में थाना कलायत पुलिस के पीएसआई पंकज कुमार की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना के आधार पर सजूमा से कलायत रोड़ पर कलायत निवासी राजेंद्र सिंह को काबू कर लिया गया। जहां जांच दौरान आरोपी के कब्जे में प्लास्टिक कट्टे से 53 पव्वे देसी शराब बरामद हुई। दोनों आरोपियों के खिलाफ अलग अलग थाना में अलग अलग मामले दर्ज करके पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हरियाणा सरकार प्रतिबद्ध- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर मुख्यमंत्री ने की उच्चस्तरीय बैठक, पंचकूला में होगा राज्य स्तरीय भव्य आयोजन

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

29 मई ( मुकेश डोलिया )

हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को पूरे प्रदेश में व्यापक जनभागीदारी के साथ भव्य स्तर पर आयोजित किया जाए। इस वर्ष योग दिवस का थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग होगा। सभी जिला उपायुक्त ऑन लाइन माध्यम से जुड़े।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम इस बार पंचकूला में आयोजित किया जाएगा, जबकि जिला, उपमंडल और ग्राम पंचायत स्तर तक विशेष योग कार्यक्रमों का आयोजन कर योग को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग निर्धारित की गई है। इसी थीम के अनुरूप प्रदेशभर में योग शिविर, जागरूकता अभियान और विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोगों विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों को योग के प्रति प्रेरित किया जा सके और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा मिले।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में योग को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अभूतपूर्व पहचान और सम्मान मिला है। आज पूरी दुनिया भारत की इस प्राचीन संस्कृति और जीवन पद्धति को अपना रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार युवाओं को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हुए स्वस्थ भारत और स्वस्थ हरियाणा के निर्माण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।




मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योग दिवस कार्यक्रम केवल औपचारिक आयोजन तक सीमित न रहें, बल्कि इसे एक जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों, पंचायतों, सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़ा जाए।अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ सुमिता मिश्रा ने बैठक में बताया कि योग दिवस के सफल आयोजन के लिए व्यापक स्तर पर प्रबंध किए जा रहे हैं उन्होंने विस्तार से योग दिवस मनाने की रूपरेखा रखी।

हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष जयदीप आर्य ने बताया कि योग दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी की भागीदारी होना आवश्यक है। योग से स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, पंचायत, नगर पालिका, नगर परिषद, सामाजिक धार्मिक संस्थाओं को जोड़ा गया है योग पर जागरूकता के लिए रैलियां निकाली जाएगी।

19 जून को योग दिवस के लिए फाइनल रिहर्सल का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 8 जून से 10 जून तक योग जागरण यात्राएं निकाली जाएंगी। इसके अलावा 15 जून को योग मैराथन का आयोजन होगा।

16 जून से 18 जून तक प्रशिक्षण रिसीवर लगाए जाएंगे, जहां योग प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया जाएगा।बैठक में कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे

## गांव धनीरामपुरा में जाहरवीर गोगा माड़ी का रखा नींव पत्थर

### ग्रामवासियों के सहयोग से मां बगलामुखी धाम के महंत भीमपुरी महाराज ने की पूजा अर्चना

» प्रथम न्यूज । पिहोवा

29 मई ( मुकेश डोलिया )

गांव धनीरामपुरा में मां बगलामुखी धाम के महंत भीम पुरी महाराज के आशीर्वाद व ग्रामवासियों के सहयोग से धार्मिक आस्था और जनकल्याण की भावना को लेकर शुक्रवार को जाहरवीर गोगा माड़ी का नींव पत्थर रखा गया। पंडित राजीव शर्मा ने वैदिक मंत्रोंचारण के साथ महंत भीम पुरी के हाथों से नींव पत्थर रखवाया गया।






महंत भीम पुरी ने कहा कि गांव में जाहरवीर गोगा माड़ी बनना, उनके लिए सौभाग्य की बात है। यह प्रयास गांव की भलाई, सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की भावना को समर्पित है।

वे गांववासियों के हर सुख दुख में उनके साथ खड़े है। उन्होंने कहा कि जाहरवीर गोगा माड़ी बनने से गांव में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहेगी तथा धार्मिक आयोजनों से सामाजिक एकता को भी मजबूती मिलेगी। जानकारी देते हुए गांव धनीरामपुरा के सरपंच विकल कुमार चौबे ने बताया कि पिछले लंबे समय से गांव में गोगा माड़ी के स्थान को लेकर गांववासियों को आसपास व नगर के गोगा माड़ी धाम में पूजा के लिए जाना पड़ता था। गांव वासियों ने उन्हें गोगा माड़ी का स्थान दिलाने व इस धार्मिक कार्य को करने की जिम्मेदारी सौंपी।

जिसको आज महंत भीम पुरी महाराज के आशीर्वाद एवं गांव वासियों के सहयोग से पूरा कर लिया गया है। चौबे ने बताया कि कुछ दिन पूर्व गांव के गणमान्यजनों के विशेष प्रयासों से राजस्थान के गोगा माड़ी धाम( बागड़ )से गांव धनीरामपुरा में मस्तान पीर पर गोगा जी महाराज का जोड़ा लाकर रखा गया था। कार्यक्रम के दौरान गांव में धार्मिक माहौल बना रहा तथा श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

सरपंच विकल कुमार चौबे ने गांव धनीरामपुरा के सभी निवासियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में विक्की वालिया, पवन शर्मा, जिया लाल शर्मा, कमल कश्यप, रूपी भगत, गोपाल भगत, मुकेश शर्मा, रामचंद्र, साहब सैनी, सुरेंद्र सैनी, श्रीचंद कश्यप, ओम प्रकाश, बीराराम कश्यप, रामपाल, रामशरण, लाल सिंह, अभिषेक, प्रदीप, विक्की, भवानी सहित अनेक ग्रामवासियों ने भाग लिया।

## मिनी टैगोर थिएटर में भव्य सांस्कृतिक संध्या रविवार को

### इस म्यूजिकल प्रोग्राम को लेकर कई दिनों से चल रही हैं

**चंडीगढ़ ( पुनीत महाजन )** – मिनी टैगोर थिएटर में सेलिब्रेट मेलोडीज़ विद नीना के सौजन्य से रविवार बाद दोपहर एक भव्य म्यूजिकल प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा,जिसके लिए पिछले कई दिनों से तैयारियां चल रही हैं और संगीत की दुनिया से जुड़े लोग भी इस कार्यक्रम को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

**ट्राइसिटी के करीब 60 गायक गायिकाएं दिखाएंगे अपनी आवाज का जादू**

इस बारे में कार्यक्रम की आयोजक एंव प्रसिद्ध गायिका नीना भाटिया ने बताया कि 31 मई रविवार को मिनी टैगोर थिएटर में बाद दोपहर चार बजे दीप प्रज्वलित के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस विशेष मनमोहक कार्यक्रम की थीम तेरे मेरे होठों पे मीठे मीठे गीत मितवा..होगी।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में श्रीराधा कृष्ण भक्त प्रेम सागर गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे,जबकि सिया राम भक्त राजकुमार सहयोगी के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में करीब 60 गायक गायिकाएं अपनी आवाज का जादू दिखाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में 25 से ज्यादा डुएट और कुछ सोलो गीत प्रस्तुत किए जाएंगे,जोकि संगीत प्रेमियों को सुरों की अनोखी दुनिया में ले जाने जैसा अनुभव करवाएंगे। उन्होंने गायकों से कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की बात पर जोर देते हुए इस संगीतमय शाम का आनंद उठाने की अपील की है।

## महिलाओं की भागीदारी से पंचायती राज संस्थाएं होंगी सशक्त : कंवलजीत कौर

### राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर पंचायत भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का किया आयोजन

» प्रथम न्यूज । कुरुक्षेत्र

29 मई ( बृज मोहन )

जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली ग्रामीण क्षेत्रों में विकास, पारदर्शिता और जनभागीदारी को सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने प्रधानमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया, जिसमें ग्राम स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत बनाने, स्थानीय स्वशासन को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण विकास को गति देने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर पंचायत भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिले के विभिन्न खण्डों के पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मचारियों ने भागीदारी की। कार्यक्रम में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी



पर जोर दिया गया। शुक्रवार को पंचायत भवन स्थित जिला परिषद के सभागार में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने शिरकत की। उनके आगमन पर पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा उनका स्वागत किया गया।

चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने विशेष रूप से पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि महिलाओं की सक्रिय उपस्थिति निर्णय प्रक्रिया को अधिक संवेदनशील, समावेशी एवं प्रभावी बनाती है।

उन्होंने कहा कि आज महिलाएं केवल भागीदारी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि नेतृत्व की भूमिका निभाते हुए सामाजिक परिवर्तन की दिशा तय कर रही हैं।



उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें, उन्हें प्रशिक्षण एवं संसाधनों से सशक्त बनाएं तथा निर्णय प्रक्रिया में उनकी भूमिका को सुनिश्चित करें।जिला परिषद के लेखा अधिकारी डा. सत्य भूषण ने विषय की प्रस्तावना प्रस्तुत की। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं विभिन्न ग्रामों से नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली, जिससे पूरे वातावरण में लोकतांत्रिक मूल्यों और ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। कार्यक्रम में मंच संचालन डीआरडीए से हिमांशु ने किया।

इस मौके पर जिला परिषद् कुरुक्षेत्र के अधिकारी व कर्मचारी, विभिन्न खंडों के ग्राम सचिव, सरपंच, सरपंच प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालतों में किसी पक्ष की हार-जीत की बजाए दोनों पक्षों की आपसी सहमति से करवाया जाता है विवादों का समाधान

» प्रथम न्यूज । कुरुक्षेत्र

29 मई ( बृज मोहन )

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी इस नेशनल लोक अदालत में सुलह व समझौते के लिए स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने केसों का निस्तारण करा सकते है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम नीतिका भारद्वाज ने कहा कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति का




कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो वह राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निस्तारण कर सकता है। लोक अदालत में दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजीनामे से सौहार्दपूर्ण वातावरण में पक्षकारों की रजामंदी से विवाद निपटाया जाता है। इससे शीघ्र व सुलभ न्याय, कहीं कोई अपील नहीं, अंतिम रूप से निपटारा, समय की बचत जैसे लाभ मिलते है। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन से संबंधित मामले, मोटर एक्सीडेंट, एनआई एक्ट, फौजदारी, रेवेन्यू, वैवाहिक विवाद का निपटारा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आपसी सहमति से हल हो सकने वाले मामलों में लोक अदालत बहुत ही कारगर सिद्ध हो रही हैं और लोक अदालत में सुनाए गए फैसले की भी उतनी ही अहमियत है जितनी सामान्य अदालत में सुनाए गए फैसले की होती है। लोक अदालत में सुनाए गए फैसले के खिलाफ अपील दायर नहीं की जा सकती।

लोक अदालत में सस्ता और सुलभ न्याय मिलता है। इन राष्ट्रीय लोक अदालतों के माध्यम से लोगों का बिना समय व पैसा गवाएं केसों का समाधान किया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालतों में ना तो किसी पक्ष की हार होती है और ना ही जीत बल्कि दोनों पक्षों की आपसी सहमति से विवादों का समाधान करवाया जाता है।

## गर्मी को देखते हुए दोपहर के समय बेवजह घरों से बाहर न निकलें नागरिक: विवेक आर्य

### जिला में लगातार बढ़ रहे तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क

» प्रथम न्यूज । कुरुक्षेत्र

29 मई ( बृज मोहन )

अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि प्रदेश के साथ जिला में लगातार बढ़ रहे तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। गर्मी और लू से खुद को सुरक्षित रखने के लिए विशेष सावधानी बरते जाने की जरूरत है। इस समय लगातार बढ़ता पारा स्वास्थ्य के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है, ऐसे में जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। अतिरिक्त उपायुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि दोपहर के समय बेवजह घरों से बाहर न निकलें और स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी निष्ठा से पालन करें ताकि हीट वेव के



दुष्प्रभावों से बचा जा सके।अतिरिक्त उपायुक्त विवेक आर्य ने कहा कि दिन के सबसे गर्म समय यानी दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे के बीच बाहर जाने से परहेज करें। यदि बाहर जाना अनिवार्य हो, तो सिर को छातरी, टोपी या गमछे से ढक कर निकले और साथ में पानी की बोतल जरूर रखें। खान-पान में बासी भोजन और तली-भुनी चीजों से परहेज करना चाहिए, जबकि छाछ, नींबू पानी और ओआरएस के घोल का सेवन अमृत समान है। उन्होंने कहा कि किसी भी सूरत में बच्चों या बुजुर्गों को बंद खड़ी गाड़ी में अकेला न छोड़े, क्योंकि इससे जानलेवा स्थिति पैदा हो सकती है।

**लक्षण दिखने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की लें सलाह**

यदि किसी व्यक्ति में लू के लक्षण दिखें, तो उन्हें तुरंत छायादार और ठंडी जगह पर ले जाएं। शरीर को ठंडे पानी की पट्टियों से पोंछें और यदि व्यक्ति होश में हो, तो उसे ओआरएस का घोल या पानी पिलाएं। हालत में सुधार न होने पर बिना देरी किए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर से संपर्क करें।

आज का

# संपादकीय

## खोटा सिक्का

गाँव का नाम था रेवास। छोटा सा, मगर रिश्तों और बातों का बड़ा बाज़ार। यहाँ हर आदमी की कीमत उसके कपड़ों, उसके खानदान और उसकी ज़बान से लगती थी। और इसी गाँव में रहता था अर्जुन।अर्जुन न स्कूल गया था, न कॉलेज। बाप खेत में काम करता था, माँ बीमार रहती थी। घर की हालत ऐसी कि दो वक्त की रोटी भी मुश्किल से नसीब होती थी। पर अर्जुन के चेहरे पर कभी शिकन नहीं थी। मेहनत करता, मजदूरी करता, और शाम को नदी किनारे बैठकर आसमान देखा करता। उसकी बातें सीधी थीं, बिना घुमाव-फिराव की। इसी सीधेपन ने उसे लोगों की नज़रों में सीधा-सादा से बढ़कर बेवकूफ बना दिया था।एक दिन गाँव में मेला लगा। रंग-बिरंगे कपड़े, ढोल-नगाड़े, और सबसे बीच खड़ी थी गीता। गीता-गाँव के पटवारी की बेटी। पढ़ी-लिखी, अंग्रेज़ी बोलती, शहर के कॉलेज से लौटी थी। उसकी हँसी में एक ऐसा नशा था कि लड़के चुपके-चुपके उसे देखा करते थे। अर्जुन ने भी देखा। पर उसने देखा आँखों से नहीं, दिल से। उसने कभी सपने में भी नहीं सोचा कि गीता जैसी लड़की उसकी तरफ देखेगी। पर प्यार तो हिसाब-किताब नहीं देखता। एक शाम, जब गीता नदी किनारे किताब पढ़ रही थी, अर्जुन पास गया और धीरे से बोला, गीता, तुम हँसती हो तो लगता है जैसे नदी भी ठहर जाती है।गीता पहले तो चौंकी, फिर हँस पड़ी। हँसी ऐसी कि आसपास खड़े लड़कों ने ताली बजा दी। अर्जुन, तुम्हारे लायक कोई और होगी। मैं शहर जाऊँगी, बड़े घर में रहूँगी। तुम्हारे साथ तो दो वक्त की रोटी भी नसीब न हो। बात खत्म।उस दिन से अर्जुन को गाँव ने एक नया नाम दे दिया-खोटा सिक्का।जिसे चलन में कोई नहीं लेता, पर जेब में पड़ा रहता है।समय गुज़रता गया। गीता की शादी शहर के एक इंजीनियर से हो गई। बड़ी गाड़ी, बड़ा घर, बड़े लोग। अर्जुन वहीं रहा। माँ मर गई, बाप बूढ़ा हो गया। वो खेतों में काम करता रहा। किसी से शिकायत नहीं की। बस जब अकेला होता, नदी किनारे बैठकर आसमान देखता और सोचता-शायद मैं सच में खोटा हूँ।फिर आया वो दिन, जिसने सब बदल दिया।गीता की सास, कमला देवी, का एक्सीडेंट हो गया। शहर के बड़े अस्पताल में भर्ती थीं। डॉक्टर ने कहा-तुरंत क्क-नेगेटिव खून चाहिए। नहीं मिला तो बचा पाना मुश्किल है। हॉस्पिटल में हड़कंप मच गया। गीता के पति ने ऑफिस में फोन किया, रिश्तेदारों को बुलाया, दोस्तों को मैसेज किया। पर क्क-नेगेटिव खून इतना आम नहीं था। जो आए, उन्होंने ब्लड टेस्ट कराया, पर मैच नहीं हुआ। कुछ ने कहा, डर लगता है, कमज़ोरी आ जाएगी। कुछ ने बहाने बना दिए। गीता रो रही थी। डॉक्टर ने आखिरी बार कहा, अब एक-दो घंटे ही बचे हैं।उसी वक्त हॉस्पिटल के गेट पर एक आदमी खड़ा था। पुराने कपड़े, चेहरे पर धूल, हाथ में एक छोटी सी थैली।



रिसेप्शन पर उसने कहा, क्क-नेगेटिव खून चाहिए था ना? मेरा चेक कर लो। नर्स ने ऊपर से नीचे देखा। तुम कौन हो?उसने कहा, कोई नहीं। बस इंसान हूँ।टेस्ट हुआ। मैच हो गया। जब गीता को पता चला तो वो दौड़कर बाहर आई। सामने अर्जुन खड़ा था। वही अर्जुन, जिसे उसने दस साल पहले खोटा सिक्का कहकर ठुकरा दिया था।उसकी आँखों में न गुस्सा था, न बदले की आग। बस एक अजीब सी शांति थी।तुमज् यहाँ? गीता की आवाज़ काँप रही थी।अर्जुन ने कहा, सुना कि किसी को खून चाहिए। ग्रुप मेरा था। सोचा दे दूँ।पर क्यों? मैंने तुम्हारा दिल तोड़ा था।अर्जुन हँसा। वो हँसी वैसी ही थी, जैसी नदी किनारे हुआ करती थी। तुमने दिल तोड़ा था, इंसानियत नहीं। और इंसानियत किसी एक से नहीं टूटती।ऑपरेशन सफल हुआ। कमला देवी बच गईं।जब होश आया तो उन्होंने पूछा, कौन था वो, जिसने खून दिया?गीता ने सिर झुका लिया। वोज् जिसे मैं कभी समझ नहीं पाई, माँ।अस्पताल से निकलते वक्त गीता अर्जुन के पास आई। हाथ जोड़कर बोली, माफ कर दो। उस दिन मैंने तुम्हें नहीं, अपने घमंड को चुना था।

**नरेन्द्र भारती**
**वरिष्ठ पत्रकार**

आज समझ आई कि असली दौलत पैसा नहीं, दिल होता है। अर्जुन ने धीरे से कहा, कोई बात नहीं गीता। उस दिन तुमने इंसान ठुकराया था, आज इंसानियत ने तुम्हारी माँ बचा ली। हिसाब बराबर।गीता रो पड़ी। पहली बार उसे लगा कि उसकी आँखों में जो आँसू हैं, वो शर्म के हैं, प्यार के नहीं। अर्जुन चला गया। न कोई फोटो, न कोई धन्यवाद की उम्मीद। बस वैसे ही, जैसे आया था।एक हफ्ते बाद गाँव में खबर फैली-रेवास का खोटा सिक्का आज फरिश्ता बन गया।लोगों ने पूछा, कौन?जब पता चला कि अर्जुन ने शहर जाकर एक अजनबी की माँ को बचाया, तो सब चुप हो गए। पटवारी जी, जो कभी अर्जुन को देखकर मुँह फेर लेते थे, उनके घर आए। बोले, अर्जुन बेटा, गलती हो गई हमसे। तुम खोटे नहीं, खरे हो। अर्जुन ने बस इतना कहा, काका, सिक्का खोटा हो या खरा, परखने वाला चाहिए। आप लोग चमक देखते हो, मैं इंसान देखता हूँ।आज रेवास में अर्जुन का नाम अलग तरह से लिया जाता है। बच्चे उसे देखकर रुक जाते हैं। बूढ़े आशीर्वाद देते हैं। और गीताज्वो हर साल अर्जुन के घर मिठाई भेजती है। साथ में एक चिट्ठी-अर्जुन, तुमने मुझे सिखाया कि इंसान की कीमत उसके हालात से नहीं, उसके कर्म से होती है।अर्जुन अब भी नदी किनारे बैठता है। पर अब अकेला नहीं होता। गाँव के बच्चे आकर उसके पास बैठते हैं। पूछते हैं, अर्जुन भैया, फरिश्ता कैसे बनते हैं?वो मुस्कुराकर कहता है, बस दूसरों का दर्द अपना समझ लो। बाकी सब अपने आप हो जाता है। ज़िंदगी अजीब है।जिसे तुम ठुकरा दो, वही तुम्हारे सबसे बुरे वक्त में हाथ थाम लेता है।जिसे तुम खोटा समझो, वही कसौटी पर खरा उतरता है। क्योंकि सोना चमक से नहीं, आग में तपकर पहचाना जाता है।और इंसान पद से नहीं, मुश्किल वक्त में निभाए गए रिश्ते से पहचाना जाता है।अर्जुन आज भी खोटा सिक्का है-लोगों की नज़रों में नहीं, खुदा की नज़रों में खरा।

## बढ़ रही गर्मी का कसूरवार कौन!!

**आज पूरी दुनिया भीषण गर्मी की मार झेल रही है। भारत में भी हर साल तापमान नए रिकॉर्ड बना रहा है। कभी मई और जून के महीने सबसे ज्यादा गर्म माने जाते थे, लेकिन अब मार्च और अप्रैल से ही लोग गर्म हवाओं और तेज धूप से परेशान होने लगे हैं। शहरों में सड़कें तपने लगी हैं, गांवों में पानी की कमी बढ़ रही है और लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। आखिर यह स्थिति क्यों पैदा हो रही है? क्या यह केवल प्राकृतिक बदलाव है या इसके पीछे इंसान की लापरवाही सबसे बड़ी वजह है?**




विशेषज्ञों का कहना है कि बढ़ती गर्मी का मुख्य कारण ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण का बिगड़ता संतुलन है। धरती का तापमान लगातार बढ़ रहा है और इसके पीछे सबसे बड़ा हाथ इंसान का ही है। आधुनिक जीवन की दौड़ में इंसान ने विकास तो किया, लेकिन प्रकृति को भारी नुकसान पहुंचाया। जंगलों की कटाई, प्रदूषण, उद्योगों का विस्तार और प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन आज धरती को गर्म बना रहा है।

पहले गांवों और शहरों में बड़े-बड़े पेड़, खुले मैदान और हरियाली दिखाई देती थी। पेड़ वातावरण को ठंडा रखने का काम करते थे, लेकिन आज विकास के नाम पर लाखों पेड़ काटे जा रहे हैं। जहां पहले खेत और बाग-बगीचे होते थे, वहां अब बड़ी-बड़ी इमारतें और सड़कें बन चुकी हैं। पेड़ों की संख्या कम होने से वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड बढ़ रही है, जो धरती की गर्मी को बाहर निकलने नहीं देती। यही कारण है कि तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है।

इसके साथ-साथ बढ़ते वाहन भी गर्मी बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। आज लगभग हर घर में बाइक, कार और अन्य वाहन हैं। इनसे निकलने वाला धुआं हवा को जहरीला बना रहा है। फैक्ट्रियों से निकलने वाला धुआं भी वातावरण को नुकसान पहुंचा रहा है। पेट्रोल और डीजल का अत्यधिक इस्तेमाल वायु प्रदूषण बढ़ा रहा है, जिससे धरती का तापमान लगातार ऊपर जा रहा है।



**महेश रहेजा**

एयर कंडीशनर और कूलर भी अप्रत्यक्ष रूप से गर्मी बढ़ाने के कारण बन रहे हैं। लोग गर्मी से बचने के लिए एसी का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन एसी से निकलने वाली गर्म हवा बाहर के तापमान को और बढ़ा देती है। शहरों में हजारों एसी एक साथ चलने के कारण वातावरण और ज्यादा गर्म हो जाता है। यही वजह है कि शहरों में गांवों की तुलना में अधिक गर्मी महसूस होती है।

शहरीकरण भी बढ़ती गर्मी का बड़ा कारण बन चुका है। शहरों में सीमेंट, कंक्रीट और लोहे की इमारतें दिनभर सूरज की गर्मी को सोखती रहती हैं और रात को वही गर्मी वातावरण में छोड़ती हैं। इससे रात के समय भी तापमान कम नहीं होता। पहले रात को ठंडी हवा चलती थी, लेकिन अब लोग रात में भी गर्मी से परेशान रहते हैं। इसे हीट आइलैंड प्रभाव कहा जाता है, जो बड़े शहरों में तेजी से बढ़ रहा है।

गर्मी बढ़ने से केवल इंसान ही नहीं बल्कि पशु-पक्षी भी प्रभावित हो रहे हैं। कई जगहों पर पक्षी प्यास और गर्मी के कारण मर रहे हैं। नदियां और तालाब सूखने लगे हैं।

पानी का स्तर नीचे जा रहा है, जिससे आने वाले समय में जल संकट और गहरा सकता है। किसान भी बदलते मौसम से परेशान हैं। कभी समय से पहले बारिश हो जाती है तो कभी सूखा पड़ जाता है। अत्यधिक गर्मी के कारण फसलें खराब हो रही हैं, जिसका सीधा असर देश की अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा पर पड़ रहा है।

स्वास्थ्य पर भी गर्मी का गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। हीटवेव के कारण लोगों को चक्कर आना, डिहाइड्रेशन, बुखार और सांस संबंधी समस्याएं हो रही हैं। हर साल गर्मी के कारण कई लोगों की जान चली जाती है। छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। डॉक्टर भी लोगों को दोपहर में बाहर न निकलने और ज्यादा पानी पीने की सलाह दे रहे हैं।

प्राकृतिक आपदाएं भी बढ़ती गर्मी का परिणाम हैं। कहीं जंगलों में आग लग रही है तो कहीं ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। समुद्र का जल स्तर बढ़ रहा है, जो आने वाले समय में तटीय क्षेत्रों के लिए खतरा बन सकता है। मौसम का संतुलन बिगड़ने से कभी अत्यधिक बारिश होती है तो कभी लंबे समय तक सूखा पड़ जाता है।

यदि अब भी इंसान नहीं संभला तो भविष्य में स्थिति और भयावह हो सकती है। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और पर्याप्त पानी मिलना भी मुश्किल हो जाएगा। इसलिए केवल सरकार ही नहीं बल्कि हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। अधिक से अधिक पेड़ लगाने होंगे, प्लास्टिक का उपयोग कम करना होगा और प्रदूषण रोकने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे। लोगों को सार्वजनिक वाहनों का उपयोग बढ़ाना चाहिए और बिजली की बचत करनी चाहिए।

स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संस्थाओं को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलानी चाहिए। यदि हर व्यक्ति केवल एक पेड़ लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प ले, तो आने वाले वर्षों में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

अंत में यही कहा जा सकता है कि बढ़ती गर्मी का सबसे बड़ा कसूरवार इंसान खुद है। प्रकृति बार-बार चेतावनी दे रही है, लेकिन यदि अब भी हम नहीं जागे तो आने वाला समय बेहद कठिन हो सकता है। अब समय आ गया है कि विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाया जाए, ताकि धरती को फिर से रहने योग्य और सुरक्षित बनाया जा सके।

**राष्ट्रीय अध्यक्ष - नेशनवाइड यूथ एसोसिएशन**
**महासचिव - जर्नलिस्ट प्रेस क्लब पंजाब**

## उन्नत एआई की रेस जीते भारत

डिजिटल भारत अभियान की मजबूत नींव पर देश में इन दिनों तकनीक की एक नई दुनिया खड़ी हो रही है। इस नई दुनिया का नाम है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और इसका सबसे उन्नत रूप है %एजेंटिक एआई।% साधारण एआई केवल सवालों के जवाब देती है, जबकि एजेंटिक एआई उससे कहीं आगे की तकनीक है। यह योजना बना सकती है, अलग-अलग प्रणालियों से जुड़ सकती है और कई काम अपने आप पूरा कर सकती है। यह केवल यह नहीं बताएगी कि आप किसी सरकारी योजना के पात्र हैं या नहीं, बल्कि खुद जानकारी जांचकर आवेदन भी कर सकती है और आपको सूचित भी कर सकती है कि आपका काम गया।

आज दुनिया में एआई की ताकत अक्सर इस से मापी जाती है कि किस देश के पास सबसे बड़े डाटा सेंटर हैं। इस मामले में भारत अभी सबसे आगे नहीं है, लेकिन एजेंटिक एआई इस सोच को बदल सकती है। इसके लिए केवल विशाल कंप्यूटर सिस्टम नहीं, बल्कि मजबूत डिजिटल ढांचे की जरूरत होती है और भारत के पास यह व्यवस्था पहले से मौजूद है। भारत का इंडिया स्टैक इसी का सबसे बड़ा उदाहरण है।

आधार ने नागरिकों को विश्वसनीय डिजिटल पहचान दी। यूपीआइ ने एक खुली और जुड़ी हुई भुगतान व्यवस्था तैयार की। डिजिलाकर ने दस्तावेजों को सुरक्षित डिजिटल तिजोरी में रखा और ओएनडीसी ने व्यापार के लिए खुला डिजिटल नेटवर्क बनाया। इन सभी व्यवस्थाओं को ऐसे डिजिटल मंच के रूप में तैयार किया गया, जिस पर दूसरे लोग और संस्थाएं नई सेवाएं विकसित कर सकें। यही वह ढांचा है, जिसकी एजेंटिक एआई को सबसे अधिक आवश्यकता होती है।

भविष्य में कोई एआई एजेंट किसी नागरिक की ओर से कर रिटर्न भरना, लाइसेंस नवीनीकरण करना, सरकारी लाभ की पात्रता जांचना या सहायता राशि जारी करना चाहे तो उसे पहचान सत्यापित करनी होगी, दस्तावेजों तक पहुंचना होगा, भुगतान करना होगा और सरकारी प्रणालियों से जुड़ना होगा। भारत ने ये सभी डिजिटल परतें पहले ही बना ली हैं और वे करोड़ों लोगों के स्तर पर सक्रिय रूप से काम भी कर रही हैं। यही कारण है कि भारत का डिजिटल सार्वजनिक ढांचा दुनिया की पहली वास्तविक एजेंटिक इन्फ्रास्ट्रक्चर व्यवस्था बन सकता है।

अभी अमेरिका के पास राष्ट्रीय




डिजिटल पहचान व्यवस्था नहीं है और यूरोप का ढांचा अलग-अलग बंटा हुआ है। ऐसे में भारत की यह व्यवस्था दुनिया के लिए एक अलग माडल बन सकती है। इससे लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने और लंबी कतारों में खड़े होने की आवश्यकता कम हो सकती है। भविष्य में ऐसी व्यवस्था संभव है, जहां लोगों को योजनाओं की जानकारी ढूंढ़ने की जरूरत ही न पड़े। किसी किसान की फसल बीमा की शर्तें पूरी होते ही उसका दावा अपने आप दर्ज हो जाएगा या कोई बच्चा छह वर्ष का होते ही उसके स्कूल प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

एजेंटिक एआई से बैंकिंग क्षेत्र में ऋण जांच, धोखाधड़ी की पहचान और ग्राहक सहायता जैसे काम तेज और आसान हो सकते हैं। कृषि क्षेत्र में एआई किसानों को उनकी भाषा में मौसम की जानकारी और फसल रोगों की पहचान दे सकती है। स्वास्थ्य क्षेत्र में भी यह तकनीक प्रारंभिक जांच और रोगी के रिकार्ड विश्लेषण जैसे कामों में मदद कर सकती है। छोटे व्यापारियों के लिए भी यह तकनीक नए अवसर दे सकती है।

भारत में लगभग छह करोड़ सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम हैं, जो देश के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 30 प्रतिशत योगदान देते हैं और 11 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं। एजेंटिक एआई इन छोटे व्यवसायों को भी बड़ी कंपनियों जैसी डिजिटल क्षमता दे सकती है। भारत में सर्वम एआई जैसी कंपनियां इस दिशा में तेजी से काम कर रही हैं।

हालांकि इस उत्साह के बीच कुछ गंभीर सवाल भी हैं। सबसे बड़ा सवाल रोजगार का है। आने वाले वर्षों में एआई करोड़ों नौकरियों की प्रकृति बदल सकती है। दूसरा सवाल जवाबदेही का है। जब एआई यह तय करे कि किसे ऋण मिलेगा, किस रोगी को प्राथमिकता दी जाएगी या किस विद्यार्थी को कौन सा पाठ्यक्रम मिलेगा, तो गलती होने पर जिम्मेदार कौन होगा? तीसरा बड़ा सवाल साइबर सुरक्षा का है। भारत में हर वर्ष लाखों साइबर हमलों और डिजिटल धोखाधड़ी के मामलों की शिकायतें दर्ज होती हैं। जब एजेंटिक एआई करोड़ों लोगों के लिए फैसले लेने लगेगी, तब एक छोटी सी तकनीकी चूक भी बड़े नुकसान का कारण बन सकती है।

चौथा सवाल असमानता का है। एआई का लाभ केवल शहरों या संपन्न वर्ग तक सीमित रह गया तो यह नई तकनीक एक नई डिजिटल खाई पैदा कर सकती है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए भारत को स्पष्ट और दूरदर्शी नीति की आवश्यकता होगी।

## आतंक के मामलों में जमानत नहीं, राष्ट्रीय सुरक्षा हो प्राथमिकता

**आतंकवाद केवल एक अपराध नहीं, बल्कि देश की संप्रभुता, अखंडता और नागरिकों की सुरक्षा पर सीधा हमला है। ऐसे मामलों में फ्रजमानत नियम है, जेल अपवादफ्र का सिद्धांत सामान्य अपराधों की तरह लागू नहीं किया जा सकता। आतंकवादी नेटवर्क संगठित, गुप्त और सीमा-पार समर्थन से संचालित होते हैं, जिनका पर्दाफाश करने में सुरक्षा एजेंसियों को वर्षों की मेहनत करनी पड़ती है। जमानत पर रिहा आरोपी सबूतों से छेड़छाड़, गवाहों को प्रभावित करने या फिर से आतंकी गतिविधियों में शामिल होने का खतरा पैदा कर सकते हैं। व्यक्तिगत स्वतंत्रता लोकतंत्र का आधार है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण संवैधानिक जिम्मेदारी है। न्यायिक प्रक्रिया में तेजी लाना आवश्यक है, ताकि निर्दोष लोगों को अनावश्यक रूप से जेल में न रहना पड़े। हालांकि, जब देश की सुरक्षा और किसी आरोपी के अधिकारों के बीच संतुलन बनाने की बात हो, तो राष्ट्रहित और आम नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए।**

हाल में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जमानत नियम है, जेल अपवाद और यहां तक कि यूएपीए यानी गैर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम में भी। इसके बाद इस पर बहस शुरू हो गई। इसमें संदेह नहीं कि व्यक्तिगत आज़ादी संविधान की बहुत बड़ी ताकत है, पर आतंकवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों में इस सिद्धांत को सीधे-सीधे लागू करना खतरनाक हो सकता है।

पुलिस, खुफिया तंत्र, आतंक-रोधी अभियानों और आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में काम करने के अपने अनुभव के आधार पर मैं कह सकता हूं कि इस मुद्दे को सिर्फ व्यक्तिगत स्वतंत्रता के दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता। यहां प्रश्न देश की सुरक्षा और राष्ट्रीय हित का है।

आतंकी हमला साधारण आपराधिक घटना नहीं होता। आतंकी स्लीपर सेल, ओवरग्राउंड वर्कर्स, सीमा-पार हैंडलर्स, गुप्त फंडिंग और गोपनीय संचार तंत्र के माध्यम से काम करते हैं। ऐसे नेटवर्क को पकड़ना और खत्म करना मुश्किल होता है। खुफिया एजेंसियों और पुलिस के अधिकारियों को कई बार तो वर्षों तक लगातार निगरानी करनी पड़ती है, तब जाकर किसी आतंकी माड्यूल का पर्दाफाश हो पाता है।

आम लोग यह नहीं समझ सकते कि एक आतंकी तक पहुंचने में कितनी मेहनत लगती है। अधिकारी दिन-रात काम कर जान जोखिम में डालते हैं। बड़ी मुश्किल से पकड़े गए आतंकियों को आसानी से जमानत मिलना सुरक्षा एजेंसियों के मनोबल और राष्ट्रीय सुरक्षा, दोनों को कमजोर करता है। जमानत पर बाहर आने के बाद आतंक के आरोपित फिर से अपने नेटवर्क को सक्रिय कर सकते हैं, सबूत मिटा सकते हैं, गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं या फरार हो सकते हैं।



आतंक से जुड़े मामलों में स्लीपर सेल दोबारा सक्रिय होने का खतरा हमेशा बना रहता है। आम अपराधियों से हटकर आतंकी कट्टर विचारधारा से प्रेरित होते हैं और संगठित नेटवर्क के इशारों पर काम करते हैं, जिनकी पहुंच सीमाओं के पार तक होती है।

अगर जमानत पर छूटा एक भी आतंकी दोबारा हमला करने में सफल हो गया तो उसका परिणाम भयावह हो सकता है। निर्दोष लोगों के साथ सुरक्षा बल भी निशाना बन सकते हैं। देश की संपत्ति और सामाजिक सौहार्द की भी क्षति हो सकती है। ऐसे मामलों में राज्य सिर्फ आरोपित के अधिकारों की बात करके आम नागरिकों की सुरक्षा की अनदेखी नहीं कर सकता।

मानवाधिकार सिर्फ आतंक के आरोपितों के नहीं, निर्दोष नागरिकों के होते हैं। आजकल कुछ लोग यूएपीए मामलों को सिर्फ लंबी जेल के दृष्टिकोण से देखने लगे हैं। वे राष्ट्रीय सुरक्षा के खतरों को उतनी गंभीरता से नहीं देखते। नि:संदेह मुकदमों में देरी चिंता का विषय है और न्यायिक सुधार जरूरी हैं, पर इसका मतलब यह नहीं कि आतंक से जुड़े मामलों में जमानत को नियम बना दिया जाए।

हाल में सुप्रीम कोर्ट ने यूएपीए के मामले में एक आरोपित को जमानत देते हुए कहा कि मुकदमे में ज्यादा देरी जमानत का आधार हो सकती है और फिर दोहराया- जमानत नियम है और जेल अपवाद। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 21 का भी जिक्र किया। लोकतंत्र में संवैधानिक अधिकार बेहद जरूरी हैं, पर राष्ट्रीय सुरक्षा भी उतनी ही बड़ी संवैधानिक जिम्मेदारी है।

आतंक के मामलों में जमानत नियम नहीं, बल्कि अपवाद होनी चाहिए। हां, जहां सबूत कमजोर हों, मामला दुर्भावना से दर्ज किया गया हो या कोई असाधारण मानवीय परिस्थिति हो, वहां अदालतों को राहत देने का अधिकार जरूर होना चाहिए, लेकिन अगर यूएपीए मामलों में जमानत को सामान्य सिद्धांत बना दिया गया, तो इससे गलत संदेश जाएगा और आतंक के खिलाफ लड़ाई कमजोर पड़ सकती है। इससे भारत की वही पुरानी छवि बन सकती है कि वह आतंक के प्रति साफ्ट स्टेट है, जबकि पिछले दशक में देश ने इस छवि से बाहर निकलने की गंभीर कोशिश की है। आतंकवाद से जुड़ी जांच बहुत जटिल होती है। विदेशी एजेंसियों से तालमेल, फोरेंसिक जांच, एन्क्रिप्टेड मैसेज डिकोड करना और पैसों के लेन-देन को ट्रैक करना अत्यधिक कठिन होता है। इसमें समय लगता है। हर देरी को एजेंसियों की असफलता नहीं कहा जा सकता। कई बार मामलों की प्रकृति ही ऐसी होती है कि जांच लंबी चलती है। मैंने कई ऐसे अपराधियों को देखा है जो जमानत मिलने के बाद फिर से अपराध में शामिल हो गए। हत्या और दुष्कर्म जैसे मामलों में कई आरोपित जमानत पर बाहर आकर गवाहों को धमकाने या खत्म करने की कोशिश करते हैं। ऐसे में राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों को तो सामान्य आपराधिक मामलों की तरह नहीं ही देखा जा सकता।

यूएपीए कानून इसलिए बनाया गया है, क्योंकि आतंकवाद देश की संप्रभुता और अखंडता के लिए सीधा खतरा है। अगर ऐसे कानूनों को उदार जमानत सिद्धांतों के जरिए कमजोर किया गया, तो सुरक्षा एजेंसियों का मनोबल टूटेगा। भारत आज भी कई गंभीर सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। सीमा-पार आतंकवाद, कट्टरपंथ, नार्को-टेररिज्म, साइबर भर्ती और स्लीपर सेल की सक्रियता आज भी बड़ी चिंताएं हैं। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ लगातार भारत के खिलाफ छद्म युद्ध चला रही है। ऐसे में देश ऐसी कानूनी व्याख्याओं का खतरा नहीं उठा सकता, जो राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर कर दें। कोई यह नहीं कह सकता कि निर्दोष लोग अनिश्चितकाल तक जेल में रहें। जांच और सुनवाई त्वरित होनी चाहिए। विशेष अदालतों को ज्यादा प्रभावी बनाया जाए। अदालतों में खाली पद भरे जाएं और अभियोजन व्यवस्था मजबूत हो। जब तक ये सुधार पूरी तरह लागू नहीं हो जाते, तब तक राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में जमानत को नियम बनाना खतरनाक होगा।

राष्ट्रीय सुरक्षा को सैद्धांतिक चर्चा के दृष्टिकोण से नहीं देखा जा सकता। एक गलत फैसला निर्दोषों की जानें ले सकता है। लोकतंत्र सिर्फ अधिकारों की वजह से नहीं चलता, बल्कि मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की वजह से भी कायम रहता है। अगर राष्ट्रीय सुरक्षा कमजोर पड़ गई, तो लोकतंत्र की नींव भी खतरे में पड़ सकती है। भारत को लोकतांत्रिक भी रहना है और सुरक्षित भी, लेकिन जब आतंक के किसी आरोपी के अधिकारों और आम नागरिकों की सुरक्षा के बीच चुनाव करना पड़े, तो हमेशा राष्ट्रीय सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी।





## संक्षिप्त न्यूज

### जिला स्तरीय दो दिवसीय माँ चंडी देवी मेला शुक्रवार से शुरू



**पट्टा मेहलोग, 29 मई ( तारा )**– जिला स्तरीय जय मां चंडी का दो दिवसीय धार्मिक मेला शुक्रवार को मां चंडी देवी की पूजा अर्चना के साथ शुरू हो गया।

ग्राम पंचायत चंडी में लगने वाले इस मेले का विधिवत शुभारंभ विधायक चौधरी रामकुमार ने डोल नगाड़ों के साथ चंडी देवी पूजन से शुरू किया व मा चंडी देवी और गुरु महाराज को झंडा चढ़ाया गया।

मुख्य अथिति ने खेल मैदान में खेलों की भी शुरुआत करवाई व सैंकड़ों लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का लुत्फ उठाया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार कृष्णगढ़ सूरत सिंह, पूर्व अध्यक्ष जिला परिषद सोलन रमेश ठाकुर, उप प्रधान चंडी राहुल शर्मा,पूर्व प्रधान बलवंत ठाकुर, चंद्र मोहन शर्मा, बलविंदर ठाकुर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### प्रदेश में शारीरिक शिक्षा अध्यापकों (जॉब ट्रेनी) के बैच आधार पर भरे जा रहे 130 पद

**बिलासपुर ( जितेंद्र गौतम )**– स्कूल शिक्षा निदेशालय हिमाचल प्रदेश द्वारा शारीरिक शिक्षा अध्यापकों ( जॉब ट्रेनी ) के 130 पदों को बैच आधार पर भरा जा रहा है, जिनमें जिला बिलासपुर के 10 पद भी शामिल है। जिला के इन 10 पदों के लिए आगामी 3 और 4 जून को उप-निदेशक स्कूल शिक्षा ( प्रारम्भिक ) बिलासपुर में काउंसलिंग प्रक्रिया आयोजित की जा रही है।

इस बारे जानकारी देते हुए उप-निदेशक स्कूल शिक्षा ( प्रारम्भिक ) बिलासपुर अरुण गौतम ने बताया कि जिला बिलासपुर के 10 पदों में से 5 पद सामान्य अनारक्षित श्रेणी, 01 पद ईडब्ल्यूएस श्रेणी, 01 पद ओबीसी अनारक्षित तथा 03 पद अनुसूचित जाति अनारक्षित श्रेणी से भरे जा रहे है। उन्होंने बताया कि अनारक्षित सामान्य श्रेणी के लिए बैच 31 दिसम्बर 2005, ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए 31 दिसम्बर 2006, अन्य पिछड़ा वर्ग अनारक्षित श्रेणी के लिए बैच 31 दिसम्बर 2007 तथा अनुसूचित जाति अनारक्षित श्रेणी के लिए बैच 31 दिसम्बर 2007 के उम्मीदवार पात्र है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त बैच से सम्बन्धित किसी अभ्यर्थी का नाम अगर संबंधित रोजगार कार्यालय द्वारा नहीं भेजा गया है तथा सम्बन्धित रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो ऐसे अभ्यार्थी 04 जून 2026 को अपराहन 2 से 5 बजे तक काउंसलिंग में भाग ले सकते है।

उन्होंने बताया कि काउंसलिंग प्रक्रिया में वही अभ्यार्थी भाग ले सकते है जो शारीरिक शिक्षा शिक्षक के भर्ती एवं पदोन्नति नियम 10 जनवरी, 2011 के अनुसार पात्र है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग की वैबसाइट https://ddhebilaspurhp.edu.in/ पर उपलब्ध है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए पात्र अभ्यार्थी कार्यालय के दूरभाष नम्बर 01978-222589 पर किसी भी कार्यदिवस पर प्रात: 10 से सायं 5 बजे तक संपर्क कर सकते है।

### संस्कार, भक्ति और श्रद्धा का संगम : अलसाहन गुगा में धार्मिक कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**बंगाणा, ( जोगिंद्र देव आर्य )** पंचायत सुकडियाल के ग्राम अलसाहन गुगा में चल रही धार्मिक कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा वाचक विवेक कुमार ने श्रद्धालुओं को कथा का रसपान करवाते हुए धर्म, भक्ति और सत्कर्मों का महत्व बताया।

कथा में क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस दौरान राजेश कुमार, संजीव शर्मा, पवन कुमार, रमेश चंद, सीमा देवी, पूजा शर्मा तथा अन्य श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति से मनुष्य के जीवन में सुख, शांति और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कथा के दौरान श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए तथा पूरे वातावरण में भक्तिमय माहौल बना रहा। आयोजकों ने बताया कि कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और सभी के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी की गई है।

### लालढांक में दर्दनाक हादसा : ट्रक की चपेट में आने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**शिमला ( एएम नाथ )**– हिमाचल-हरियाणा सीमा पर जगाधरी-पांवटा नेशनल हाईवे 907 पर लालढांक के पास शुक्रवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, हरियाणा से दो बाइकों पर सवार होकर परिवार के सदस्य रेणुकाजी दर्शन के लिए जा रहे थे। इसी दौरान मक्की से भरा एक अनियंत्रित ट्रक अचानक बाइकों पर चढ़ गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। हरियाणा पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


प्रारंभिक जांच में ट्रक चालक की लापरवाही सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि ट्रक तेज रफ्तार में था और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का सफाया, मुख्यमंत्री सुक्खू की कुर्सी ख़तरे में : जयराम ठाकुर

## सराज में भाजपा की बंपर जीत, 26 में से 24 जगह जीत का दावा

» प्रथम न्यूज । मंडी
29 मई ( एएम नाथ )

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पंचायतीराज चुनाव के दूसरे चरण के परिणाम आने के बाद सुक्खू सरकार और कांग्रेस नेताओं पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि पूरे प्रदेश से कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है और बड़े-बड़े कांग्रेसी दिग्गजों सहित मंत्रियों के पैरों तले से जमीन खिसक चुकी है, जिससे अब इस वर्तमान सरकार की विदाई पूरी तरह तय नजर आ रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश की जनता अब भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और सरकार के साथ आगे बढ़ना चाहती है ताकि राज्य में रुके हुए विकास कार्यों को पुन: तेज रफ्तार दी जा सके। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की ख़राब परफोर्मेंस से उनकी कुर्सी हिल चुकी है और उन्हें डर सता रहा है कि कहीं उन्हें अब हटा न दिया जाए इसलिए झूठे आंकड़े पेश कर अपनी साख बचाने में लगे हुए हैं। जयराम ठाकुर ने सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि पिछले साढ़े तीन वर्षों के कार्यकाल में इस सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के खोखले नारे की आड़ में व्यवस्था को तार तार कर रखा है। इस दौरान प्रदेश को अपने आर्थिक कुप्रबंधन से कंगाल कर दिया और आम जनता पर भारी टैक्स का बोझ लादने का ही काम किया है। प्रदेश के चहुंमुखी विकास को पूरी तरह ठप कर दिया है और केवल अपने चुनिंदा मित्रों के घर भरने का काम किया है, जिसके परिणामस्वरूप आज समूचे हिमाचल की जनता में इस जनविरोधी सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश और निराशा का माहौल व्याप्त है।



नेता प्रतिपक्ष ने आंकड़ों के साथ तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू अपने गृह जिले में कांग्रेस की डूबती नैया को पार लगाने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर उप मुख्यमंत्री भी अपने विधानसभा क्षेत्र की गृह पंचायत तक में कांग्रेस पार्टी के अपने चहेते नेताओं को जीत दिलाने में असफल साबित हुए हैं। यही दयनीय हाल सरकार के अन्य मंत्रियों और कैबिनेट रैंक वाले विधायकों का भी है, जिन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में जनता के भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है और स्थिति ऐसी बन गई है कि लोग इन्हें गांवों से दौड़ा रहे हैं, जो स्पष्ट रूप से शासन के प्रति जनता के तीव्र गुस्से को दर्शाता है। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि इस सरकार ने सत्ता में आते ही जनहित और जनता की मांग पर खोले गए अनगिनत सरकारी संस्थानों को दुर्भावनापूर्ण तरीके से बंद कर दिया और विकास पर पूर्ण विराम लगा दिया, जिसके कारण खुद कांग्रेस के अपने विधायकों ने सरकार के दमनकारी रवैये और प्रताड़ना से पीछा छुड़ाने के लिए भारतीय जनता पार्टी में शामिल होना ही सबसे उचित समझा। उन्होंने कांग्रेस को चेतावनी देते हुए कहा कि पंचायतीराज चुनाव के तीसरे चरण के परिणाम आने के बाद यह सरकार जनता को मुंह दिखाने के लायक भी नहीं बचेगी क्योंकि मुख्यमंत्री और उनकी पूरी टीम लगातार झूठे आंकड़े पेश करके पंचायत चुनाव के बीच जनता को गुमराह करने का असफल प्रयास कर रही है, परंतु जागरूक जनता ने इनके तमाम प्रपंचों, झूठ और साजिशों पर पानी फेरते हुए कांग्रेस को पूरी तरह हाशिए पर धकेल दिया है।

जयराम ठाकुर ने सराज विधानसभा क्षेत्र की लेहथाच पंचायत के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों की से शिष्टाचार भेंट की और सभी को नवीन दायित्व की हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए यह अटूट विश्वास प्रकट किया कि सभी नवनिर्वाचित प्रतिनिधि जनसेवा और अपनी ग्राम पंचायत के समग्र एवं समावेशी विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पूरी ईमानदारी, निष्ठा तथा समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि जमीनी स्तर पर प्रतिनिधियों के ये ईमानदार प्रयास ही ग्राम पंचायत को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिससे卐विकसित ग्राम पंचायत से विकसित विधानसभा卐 के बड़े संकल्प को धरातल पर साकार करने में अभूतपूर्व योगदान मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री ने सभी नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों के साथ पारंपरिक नाटी डालकर जीत का शानदार जश्न भी मनाया। इससे पूर्व ये पंचायत प्रतिनिधि ढोल नगाड़ों की थाप पर झूमते हुए पैदल ही तांदी पहुँचे और अपनी जीत का जश्न अपने विधायक के साथ मनाया।

**सराज में भाजपा की बंपर जीत, 26 में से 24 जगह जीत का दावा**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने दावा किया है कि हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज संस्थाओं के दूसरे चरण के चुनाव में भी कांग्रेस का पूरी तरह सफाया हो चुका है। उनके अनुसार, सराज विधानसभा क्षेत्र के दूसरे चरण में 26 में से 24 पंचायतों और प्रथम चरण में 28 में से 25 पंचायतों में भाजपा समर्थित उम्मीदवारों ने शानदार जीत दर्ज की है। ठाकुर ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा को मिल रहा यह अपार जनसमर्थन वर्तमान सुक्खू सरकार की विफलताओं और नाकामियों पर जनता की स्पष्ट मुहर है।

# हिमाचल में फिर बदला मौसम का मिजाज

## कई क्षेत्रों में भारी बारिश-ओलवृष्टि, फसलों को पहुंचा नुकसान

» प्रथम न्यूज । शिमला
29 मई ( बी.शर्मा )

हिमाचल प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। बीते कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के बीच शुक्रवार को प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश और ओलावृष्टि हुई। खासकर शिमला जिले के रोहड़ू और मंडी जिले के करसोग क्षेत्र में भारी ओलावृष्टि हुई, जिससे सेब की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट जरूर दर्ज की गई है, लेकिन किसानों और बागवानों की चिंता बढ़ गई है। मंडी जिले के करसोग के





डींग और कथेड़ क्षेत्रों के साथ-साथ शिमला जिले के रोहड़ू के शरोंथा इलाके में शुक्रवार को भारी ओलावृष्टि हुई। कई जगहों पर बगीचों में लगे सेब के पौधों और फलों को नुकसान पहुंचा है। बागवानों द्वारा फसल को बचाने के लिए लगाए गए एंटी हेल नेट भी कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गए। ओले इतने बड़े और तेज थे कि लोगों को अपनी जान बचाने के लिए घरों और सुरक्षित स्थानों में शरण लेनी पड़ी। तेज हवाओं और लगातार गिरते ओलों के कारण सेब, मटर तथा अन्य फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द नुकसान का आकलन करने और प्रभावितों को उचित मुआवजा देने की मांग उठाई है।

मौसम विभाग ने आज कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला और सिरमौर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन क्षेत्रों में भारी बारिश, ओलावृष्टि और तेज तूफान की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि कई क्षेत्रों में 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं।

**अगले दो दिन भी खराब रहेगा मौसम**

मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को भी प्रदेश के कई हिस्सों में मौसम खराब बना रह सकता है। कुछ क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। हालांकि 31 मई के बाद वेस्टर्न डिस्टरबेंस थोड़ा कमजोर पड़ सकता है, लेकिन 2 जून तक कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी जारी रहने के आसार हैं।

# हरिपुर पंचायत चुनाव में कमलजीत सिंह ‘कमी’ बने प्रधान, संदीप शर्मा ‘डिंपू’ उप प्रधान निर्वाचित

» प्रथम न्यूज । कांगड़ा
29 मई ( पुनीत महाजन )

हरिपुर पंचायत में पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुए। चुनाव परिणाम देर रात लगभग 11 बजे घोषित किए गए, जिसमें प्रधान पद पर कमलजीत सिंह ‘कमी’ ने शानदार जीत दर्ज की। उनका चुनाव चिन्ह ‘धनुष’ था और उन्होंने 799 वोट हासिल कर जीत अपने नाम की। वहीं उप प्रधान पद पर संदीप शर्मा ‘डिंपू’ ने अपने चुनाव चिन्ह ‘किश्ती’ के साथ 887 वोट प्राप्त कर जीत हासिल की।

पंचायत चुनाव में वार्ड पंच पद के लिए भी विभिन्न उम्मीदवार विजयी घोषित किए गए। वार्ड नंबर 1 से शिवानी देवी ने 130 वोट लेकर जीत दर्ज की। वार्ड नंबर 2 से अजय कुमार 113 वोट प्राप्त कर विजयी रहे। वार्ड नंबर 3 से बलजीत कौर ने 35 वोट लेकर जीत हासिल की। वार्ड नंबर 6 से पवना देवी, जिनका चुनाव चिन्ह ‘आम’ था, उन्होंने कुल 426 वोटों में से 209 वोट प्राप्त कर जीत दर्ज की। वार्ड नंबर 7 से कमल ने



35 वोट लेकर जीत हासिल की।

प्रधान और उप प्रधान पद के लिए कुल 2376 वोट थे, जिनमें से 1747 वोट डाले गए। इस प्रकार पंचायत में लगभग 70 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया, जिसे लोकतंत्र के प्रति लोगों की जागरूकता और उत्साह का प्रतीक माना जा रहा है।

नवनिर्वाचित प्रधान कमलजीत सिंह ‘कमी’ इससे पहले वर्ष 2016 में वार्ड नंबर 5 से वार्ड पंच का चुनाव जीत चुके हैं। वे लंबे समय से समाज सेवा से जुड़े



हुए हैं और क्षेत्र के लोगों के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़े रहते हैं। ग्रामीणों के घर-घर जाकर उनकी समस्याएं सुनना और उनके समाधान के लिए प्रयास करना उनकी पहचान रही है। उनकी इसी मेहनत और जनसेवा के चलते लोगों ने उन्हें एक बार फिर भारी समर्थन देकर पंचायत की जिम्मेदारी सौंपी है।

जीत के बाद कमलजीत सिंह ने कहा कि वह हरिपुर पंचायत के विकास के लिए दिन-रात मेहनत करेंगे और गांव की हर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर हल करवाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत में जो भी विकास कार्य लंबित हैं, उन्हें जल्द पूरा करवाने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

वहीं उप प्रधान पद पर विजयी हुए संदीप शर्मा ‘डिंपू’ भी क्षेत्र में समाज सेवा के लिए जाने जाते हैं। जरूरतमंद लोगों की सहायता करना और घर-घर जाकर लोगों की समस्याएं सुनना उनकी कार्यशैली का हिस्सा रहा है। इससे पहले भी वे वार्ड पंच और उप प्रधान का चुनाव जीत चुके हैं। ग्रामीणों ने उन पर तीसरी बार भरोसा जताते हुए उन्हें जीत दिलाई है।

संदीप शर्मा ने कहा कि वह हरिपुर गांव की तरक्की और विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे तथा पंचायत के लोगों की हर संभव मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

ग्रामीणों में चुनाव परिणाम को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला और समर्थकों ने विजयी उम्मीदवारों को बधाई देकर खुशी जाहिर की।

# राष्ट्रीय स्तर पर छाए श्री ओरोविंदो पब्लिक स्कूल के छात्र

## श्रीजा प्रथम एवं शाश्वत तृतीय स्थान पर रहे

**बद्दी, 29 मई ( तारा )** – गांधी नगर स्थित आईआईटी इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी गांधीनगर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2026 में श्री ओरोविंदो पब्लिक स्कूल बद्दी के दो प्रतिभाशाली छात्र दसवीं कक्षा की श्रीजा एवं 8वीं कक्षा की शाश्वत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन प्राप्त करते हुए देश भर में राष्ट्रीय स्तर पर नॉर्थ जोन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्रीजा ने 5000 की राशि एवं शाश्वत ने तृतीय स्थान प्राप्त करके 2000 की राशि पुरस्कार के रूप में प्राप्त की है।



इन दोनों छात्रों का चयन सृजन इंटर्नशिप कार्यक्रम के लिए भी किया गया है जिसमें जोनल विजेता छात्रों को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं एवं शोध संस्थानों जैसे डीआरडीओ, आइसर, इसरो में इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा। विजेता छात्रों ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता अत्यंत चुनौती पूर्ण थी। विद्यालय के डायरेक्टर कर्नल के जेएस रंधावा एवं प्रधानाचार्य अनिला नायर ने छात्रों की इस अद्भुत उपलब्धि पर अत्यंत प्रसन्नता एवं गौरवान्वित महसूस करते हुए विजेता छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। ये भावी युवा वैज्ञानिक भविष्य में भी विज्ञान एवं नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करते रहें।

# हीटवेव से बचाव को लेकर जिला प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

## उपायुक्त राहुल कुमार ने नागरिकों से सतर्क रहने और स्वास्थ्य सुरक्षा उपाय अपनाने की अपील की

» प्रथम न्यूज । बिलासपुर
29 मई ( धर्मपाल/जितेंद्र गौतम )

जिला बिलासपुर में लगातार बढ़ते तापमान और हीटवेव की संभावित परिस्थितियों को देखते हुए उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण बिलासपुर राहुल कुमार ने नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अत्याधिक गर्मी और लू स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है तथा समय रहते सावधानी बरतकर हीट एग्जॉशन और हीट स्ट्रोक जैसी गंभीर स्थितियों से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार नागरिकों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच अनावश्यक रूप से धूप में बाहर निकलने से बचना चाहिए। प्यास न लगने पर भी पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए तथा ओआरएस, नींबू पानी, छाछ, लस्सी और नारियल पानी जैसे पेय पदार्थों का नियमित सेवन करना चाहिए।

उपायुक्त ने कहा कि नागरिक हल्के रंग के ढीले एवं सूती वस्त्र पहनें तथा घर से बाहर निकलते समय छाता, टोपी, चश्मा और उपयुक्त जूतों का उपयोग करें। चाय, कॉफी, शराब तथा अधिक शर्करा युक्त ठंडे पेय पदार्थों के अत्यधिक सेवन से बचना चाहिए। इसके अतिरिक्त बासी, अत्यधिक मसालेदार और भारी भोजन के सेवन को भी सीमित रखने की सलाह दी गई है।

उन्होंने कहा कि घरों को ठंडा रखने के लिए पर्दों, पंखों तथा उचित वेंटिलेशन का उपयोग किया जाए। बच्चों और पालतू जानवरों को



किसी भी स्थिति में बंद वाहनों में अकेला न छोड़ा जाए। बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा बाहर कार्य करने वाले श्रमिकों का विशेष ध्यान रखा जाना आवश्यक है।

राहुल कुमार ने बताया कि अत्याधिक पसीना आना, कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, मांसपेशियों में ऐंठन, मतली अथवा उल्टी होना हीट एग्जॉशन के प्रमुख लक्षण हो सकते हैं। वहीं शरीर का तापमान अत्यधिक बढ़ जाना, त्वचा का गर्म एवं शुष्क हो जाना, भ्रम की स्थिति, बेहोशी या अचानक गिर जाना तथा दौरे पड़ना हीट स्ट्रोक के संकेत हो सकते हैं, जो एक चिकित्सीय आपातकाल है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति में हीट स्ट्रोक के लक्षण दिखाई दें तो उसे तुरंत छायादार या ठंडी जगह पर ले जाएं, शरीर को ठंडा करने के लिए ठंडे पानी की पट्टियां लगाएं अथवा ठंडे पानी का छिड़काव करें। यदि व्यक्ति होश में हो तो उसे पानी या ओआरएस दिया जा सकता है। साथ ही बिना विलंब चिकित्सीय सहायता प्राप्त की जानी चाहिए।

उपायुक्त ने जिला के सभी विभागों, पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं तथा स्वयंसेवी संगठनों से भी लोगों को हीटवेव से बचाव संबंधी जानकारी पहुंचाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि समय पर सावधानी और जागरूकता ही हीटवेव के दुष्प्रभावों से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है।

उन्होंने नागरिकों से अपील की कि गर्मी के मौसम में पर्याप्त पानी पीकर, तेज धूप से बचकर तथा स्वास्थ्य संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन कर स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित रखें। समय पर सावधानी ही सुरक्षा है।

# वैभव सूर्यवंशी की विस्फोटक पारी पर फिरा पानी, शुभमन गिल के शतक से फाइनल में पहुंची गुजरात



शुभमन गिल (104) और साई सुदर्शन (58) के बीच 167 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप की बदौलत गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2026 के दूसरे क्वालिफायर मुकाबले में शुक्रवार को राजस्थान रॉयल्स को 7 विकेट से मात दी। इस जीत के साथ ही गुजरात फाइनल में पहुंच गई है, वहीं राजस्थान का सफर समाप्त हो गया है।

31 मई, रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फाइनल मैच खेला जाएगा। निर्णायक मैच में गुजरात की टक्कर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगी। यह दोनों टीम क्वालिफायर-1 में भी टकराई थीं, जहां बेंगलुरु ने बाजी मारी थी। फाइनल में गत चैंपियन आरसीबी की पास जहां ट्रॉफी का बचाव करने का मौका है। वहीं गुजरात की नजर दूसरी ट्रॉफी पर है।

**वैभव ने संभलकर की बल्लेबाजी**

टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरी राजस्थान की लड़खड़ाती पारी को वैभव सूर्यवंशी ने संभाला। 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर विस्फोटक बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित करते हुए 47 गेंदों में 96 रन की शानदार पारी खेली तो वहीं अंतिम ओवर में डोनोवन फरेरा ने राशिद खान पर चार छक्के जड़े और राजस्थान रॉयल्स को क्वालीफायर-2 में गुजरात टाइटंस के विरुद्ध छह विकेट पर 214 रन तक पहुंचाया। 215 रन के टारगेट को गुजरात ने 19वें ओवर में 3 विकेट खोकर चेज कर लिया।

**गिल-सुदर्शन ने तय कर दी जीत**

215 रन चेज करने उतरी गुजरात टाइटंस को कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने शानदार शुरुआत दी। दोनों ने राजस्थान के गेंदबाजों को विकेट के लिए तरसा दिया। साई सुदर्शन को एक जीवनदान मिल और उन्होंने इसका भरपूर फायदा उठाया। देखते ही देखते दोनों बल्लेबाजों ने अपना अर्धशतक पूरा कर लिया।

**हिट विकेट आउट हुए**

फिफ्टी पूरा करने के बाद साई सुदर्शन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से आउट हुए। वह पिछले मैच की तरह ही एक बार फिर हिट विकेट आउट हुए। साई के हाथ से बल्ला छूटा और विकेट पर जाकर लगा। साई और गिल के बीच 77 गेंदों पर 167 रनों की साझेदारी हुई।

**4 नंबर पर उतरे जडेजा**

मुश्किल परिस्थितियों को देखते हुए रवींद्र जडेजा को चौथे नंबर पर भेजा गया और उन्होंने 35 गेंदों में नाबाद 45 रन बनाकर अहम योगदान दिया। प्रसिद्ध कृष्णा की छोटी गेंदों का उन्होंने जमकर फायदा उठाया। हालांकि टेनिस एल्बो की परेशानी के कारण जडेजा आठवें ओवर के बाद रिटायर्ड हर्ट हो गए, लेकिन बाद में लौटकर फरेरा का साथ निभाया।

**सूर्यवंशी को मिला भाग्य का साथ**

वैभव को किस्मत का भी साथ मिला जब 46 रन पर साई सुदर्शन ने उनका कैच छोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने टूर्नामेंट का अपना छठा अर्धशतक पूरा किया और मध्य ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। हेलमेट पर गेंद लगने के बावजूद उन्होंने रबादा के खिलाफ शानदार शाट खेले, जबकि जेसन होल्डर की गेंदों पर भी बेहतरीन स्ट्रोक लगाए।

**फिर शतक से चूके वैभव**

ऐसा लग रहा था कि वैभव शतक पूरा कर लेंगे, लेकिन लगातार दूसरे मैच में वह शार्ट गेंद पर थर्ड मैन में कैच देकर 96 रन पर आउट हो गए। इस आइपीएल में वह चार मैचों में से तीसरी बार नर्वस नाइंटीज का शिकार हुए। एक समय गुजरात टाइटंस राजस्थान को 200 रन से नीचे रोकती दिख रही थी, लेकिन आखिरी ओवर में राशिद खान को गेंदबाजी देना टीम पर भारी पड़ गया।

डोनोवन फरेरा (38) ने उनके ओवर में चार छक्के उड़ाते हुए 27 रन बटोर लिए और मैच का पूरा रंग बदल दिया। कप्तान रियान पराग ने 11, दासुन शनाका ने 3 और जोफ्रा आर्चर ने 7 रन बनाए। रबाडा और होल्डर ने 2-2 विकेट चटकाए।

**वैभव ने बनाए सबसे तेज एक हजार रन**

इस पारी में उन्होंने अपने आईपीएल करियर के एक हजार रन भी पूरे कर लिए। उन्होंने महज 23 पारियों में यह आंकड़ा पार किया। वह सबसे तेज एक हजार रन बनाने वाले भारतीय भी बन गए हैं। उनसे पहले साई सुदर्शन ने 25 पारियों में एक हजार रन बनाए थे। सबसे कम पारियों में एक हजार रन बनाने का रिकार्ड शान मार्श (21 पारी) के नाम है। वैभव ने एक हजार रन महज 440 गेंदों में पूरे किए जो आइपीएल में एक नया रिकॉर्ड बन गया है। इससे पहले सबसे कम गेंदों में एक हजार रन बनाने का रिकॉर्ड आंद्रे रसल (545) के नाम था।

### रियान ने जीता टॉस

राजस्थान के कप्तान रियान पराग ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में बड़ी संख्या में पहुंचे दर्शकों की निगाहें युवा वैभव सूर्यवंशी पर टिकी थीं और उन्होंने किसी को निराश नहीं किया। वैभव ने कैगिसो रबादा और जेसन होल्डर जैसे अनुभवी गेंदबाजों के खिलाफ भी बेखौफ अंदाज में बल्लेबाजी की।

### IPL में सबसे ज्यादा शतक

9 - विराट कोहली
7 - जोस बटलर
6 - क्रिस गेल
6 - केएल राहुल
5 - संजू सैमसन
5 - शुभमन गिल

### IPL कप्तान के तौर पर शतक

5 - विराट कोहली
3 - केएल राहुल
2 - शुभमन गिल



# ऋषभ पंत ने छोड़ी लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी, सीजन खत्म होने से पहले इस्तीफों का दौर शुरू

आईपीएल 2026 अभी तक खत्म भी नहीं हुआ है कि इस्तीफों का दौर शुरू हो गया है। लखनऊ सुपर जायंट्स इस सीजन पॉइंट्स टेबल में आखिरी नंबर पर थी।

सीजन खत्म होने से पहले ही टीम के कप्तान ऋषभ पंत ने अपना पद छोड़ने का फैसला किया है। 2025 सीजन से पहले उन्हें यह जिम्मेदारी मिली थी। ऋषभ पंत को हाल में ही भारतीय टेस्ट टीम की उपकप्तानी से हटाया गया है।

### फ्रेंचाइजी ने किया ऋषभ पंत के कप्तानी छोड़ने का ऐलान

लखनऊ सुपर जायंट्स ने बयान जारी करके बताया है कि पंत ने खुद कप्तानी से हटने की आग्रह किया था। फ्रेंचाइजी ने अपने जारी बयान में बताया- लखनऊ सुपर जायंट्स औपचारिक रूप से घोषणा करना चाहता है कि ऋषभ पंत ने फ्रेंचाइजी की कप्तानी छोड़ने का अनुरोध किया है, जिसे फ्रेंचाइजी ने तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है।

**ऋषभ पंत ने क्यों छोड़ी एलएसजी की कप्तानी?**

28 साल के ऋषभ पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स ने 2025 सीजन से पहले हुए मेगा ऑक्शन में 27 करोड़ रुपये में खरीदा था। वह आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। पंत को कप्तानी की जिम्मेदारी भी मिली। दोनों ही सीजन में टीम प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाई।

इसके साथ ही पंत का बल्ला भी शांत रहा। 2025 में उन्होंने 13 पारियों में 269 और 2026 पारियों में 312 रन बनाए। इसमें दो फिफ्टी और एक शतक शामिल है।

### तीन सीजन से पहले ऑफ में नहीं पहुंची टीम

लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल 2026 के अपने पहले तीन मैचों में दो जीत हासिल की। लेकिन इसके बाद टीम जूझने लगी। अगले 11 मैचों में उसे सिर्फ दो जीत मिली। 8 पॉइंट के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स पॉइंट्स टेबल में आखिरी नंबर पर रही। 2022 में लखनऊ ने आईपीएल डेब्यू किया था। पहले दो सीजन टीम ने प्लेऑफ में जगह बनाई थी। तब केएल राहुल कप्तान थे। 2024 में फ्रेंचाइजी ने राहुल को रिलीज करके पंत पर दांव खेला लेकिन यह नहीं चला।



# अमित जिंदल के जन्मदिन पर पंचकूला में विशाल भंडारा और छबील का आयोजन

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

29 मई (पुनीत महाजन)

जय मां अन्नपूर्णा चैरिटेबल ट्रस्ट एवं अग्रवाल सेवा ट्रस्ट (पंचकूला) की ओर से सेक्टर-16 स्थित अग्रसेन चौक पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रसिद्ध समाजसेवी अमित जिंदल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे, ठंडी लस्सी एवं दूध की विशाल छबील का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में पंचकूला की अनेक धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं ने भी भागीदारी निभाई और समाजसेवा का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान राहगीरों, जरूरतमंदों एवं स्थानीय लोगों को प्रेमपूर्वक भोजन, ठंडी लस्सी और दूध वितरित किया गया। सुबह 10:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक चले इस सेवा अभियान में लगभग 3500 से 4000 लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा वरिष्ठ नेता अमित जिंदल, बृज लाल गर्ग, कैलाश मित्तल एवं तेजपाल गुप्ता द्वारा महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं जयकारों के साथ किया गया। इसके बाद उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने अमित जिंदल को पुष्पगुच्छ भेंट कर, माता मनसा देवी की आशीर्वाद स्वरूप चुनरी पहनाकर तथा केक कटवाकर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर लघु उद्योग भारती के प्रेसिडेंट डॉ. राजेश गुप्ता को भी सभी उपस्थित अतिथियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी गई।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक आदरणीय प्रेम गोयल, पंचकूला महापौर श्याम लाल बंसल, हरियाणा विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष बंतो कटारिया, शिवालिक बोर्ड हरियाणा के वाइस चेयरमैन ओम प्रकाश देवीनगर, पार्षद दीपक गर्ग, पार्थ गुप्ता, सुरेश वर्मा, भारत हितैषी, अनुराधा पूरी, पूर्व मेयर एवं भाजपा नेता उपेंद्र आहूवालिया, भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व पार्षद सीबी गोयल, पूर्व पार्षद रितु गोयल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इसके अतिरिक्त अमर टैक्स के निर्देशक अरुण ग्रोवर, लघु उद्योग भारती के प्रेसिडेंट डॉ. राजेश गुप्ता, उदित मित्तल, एडवोकेट संजय कुमार जैन, रमन सिंगला, हेमंत जिंदल, दिनेश गुप्ता, नरेश मित्तल (सांवरा स्वीट्स), मुकेश सिंगला, सुधीर अग्रवाल, भगवान दास मित्तल, पंकज बंसल, राकेश गर्ग (बिट्टू), शिव कुमार अग्रवाल (गोपाल लाइफ साइंस), प्रदीप अग्रवाल, इंद्र गुप्ता, परविंदर ढींगरा, धर्मपाल सिंगला, रिम्पी गर्ग, परवीन अग्रवाल, विक्की जिंदल, बजरंग लाल सिंगला, दिनेश बंसल, विजय अग्रवाल, कनव गुप्ता, पवन बंसल, राजेश जिंदल, विजय गर्ग, भूषण गर्ग, बीरेंद्र गर्ग, कृष्ण लाल गोयल, सुभाष सिंगला, सीए अश्वनी मित्तल, भूषण मित्तल, सीए पंकज गुप्ता, सीए नरेश सिंगला, विकास गोयल, मुकेश अग्रवाल, अक्षय गर्ग, मनोज गर्ग, सुरेंद्र गोयल, सुभाष जैन, सुनील जैन, राजेश आनंद, राहुल गर्ग, पुनीत, अनिल गोयल, हरिदास जिंदल, विजय बंसल, एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ता और समाजसेवी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि समाजसेवा और जरूरतमंदों की सहायता ही सच्ची मानव सेवा है तथा ऐसे आयोजन समाज में भाईचारे और सेवा भावना को मजबूत करते हैं।







# ज्वाइन्ट एक्शन कमेटी के चेयरमैन राजा राम का जन्मदिन कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक मनाया



**चंडीगढ़ (पुनीत महाजन)** - आज ज्वाइन्ट एक्शन कमेटी के चेयरमैन राजा राम जी के जन्मदिन के अवसर पर हॉर्टिकल्चर विभाग के कर्मचारियों द्वारा केक काटकर एवं फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर हॉर्टिकल्चर विभाग के जूनियर इंजीनियर नरिंदर पाल सिंह जी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों ने राजा राम जी के लंबे ट्रेड यूनियन संघर्ष एवं कर्मचारियों के हितों के लिए उनके समर्पण की सराहना की। कर्मचारियों ने कहा कि राजा राम जी पिछले लगभग 20 वर्षों से ट्रेड यूनियन आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं तथा कर्मचारियों की हर समस्या के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

उपस्थित कर्मचारियों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनका नेतृत्व कर्मचारियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा। अंत में सभी कर्मचारियों ने एकजुट होकर राजा राम जी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

# राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने फिल्म देखी 'नालंदा महाविहार' की विशेष स्क्रीनिंग

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

29 मई (सुरिन्दर पाल)

हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने शुक्रवार को यहाँ लोक भवन में फिल्म 'नालंदा महाविहार' की विशेष स्क्रीनिंग देखी। हरियाणा की प्रथम महिला श्रीमती मित्रा घोष भी इस अवसर पर उपस्थित रहीं।



इस अवसर पर अपने संबोधन में राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने इस फिल्म को सिनेमा के सशक्त माध्यम से देश की समृद्ध विरासत को संरक्षित और बढ़ावा देने का एक ईमानदार और सराहनीय प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि नालंदा केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं था, बल्कि ज्ञान का एक वैश्विक केंद्र था जिसने विश्वभर से हजारों विद्वानों, भिक्षुओं और ज्ञान के जिज्ञासुओं को अपनी ओर आकर्षित किया। यह भारत की बौद्धिक एवं सांस्कृतिक श्रेष्ठता का एक शाश्वत प्रतीक रहा है। इस फिल्म का मुख्य उद्देश्य समाज में जागरूकता उत्पन्न करना तथा लोगों को उन शाश्वत मूल्यों पर चिंतन के लिए प्रेरित करना है, जो एक बेहतर, अधिक जिम्मेदार और सौहार्दपूर्ण समाज के निर्माण में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि 'नालंदा महाविहार' मनोरंजन के साथ-साथ एक सशक्त सामाजिक संदेश भी प्रस्तुत करती है, जो इसे सांस्कृतिक महत्व एवं समकालीन प्रासंगिकता की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण फिल्म बनाती है। इस फिल्म के प्रोड्यूसर श्री दीपक दीवान है, जबकि इसका निर्देशन श्री अरविंद गुप्ता ने किया है। इस अवसर पर हरियाणा की पूर्व मुख्य सचिव श्रीमती केशनी आनंद अरोड़ा, राज्यपाल के सचिव श्री विजयकुमार भाविकट्टी, राज्यपाल के एडीसी श्री धीरज सेतिया तथा फिल्म की कास्ट एवं क्रू के सदस्य भी उपस्थित रहे।

# चंडीगढ़ मेयर सौरभ जोशी ने नगर निगम की उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, विभिन्न विभागों में व्यापक सुधारों के दिए निर्देश

» प्रथम न्यूज । चंडीगढ़

29 मई (पुनीत महाजन)

शहर के मेयर श्री सौरभ जोशी ने आज नगर निगम चंडीगढ़ के कमिश्नर अमित कुमार, ज्वाइंट कमिश्नरों, चीफ इंजीनियर तथा नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में शहर से जुड़े विभिन्न अहम नागरिक मुद्दों एवं नगर निगम के विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।



बैठक के दौरान शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने पर विशेष चर्चा की गई। इसमें वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन, घर-घर से कूड़ा संग्रहण, नए एमएसडब्ल्यू नियम-2026 को लागू करने तथा शहर के सभी सेक्टरों, गांवों एवं कॉलोनियों में स्वच्छता मानकों को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। मेयर ने अधिकारियों को सफाई सेवाओं की सख्त निगरानी सुनिश्चित करने तथा जनता की शिकायतों का समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में सफाई कर्मचारियों एवं नगर निगम के अन्य कर्मचारियों के कल्याण और नौकरी सुरक्षा के मुद्दों पर भी विशेष रूप से चर्चा हुई। मेयर ने कर्मचारियों के कार्यस्थल की परिस्थितियों में सुधार, सुरक्षा उपकरणों की समय पर उपलब्धता, कल्याणकारी सुविधाएं सुनिश्चित करने तथा लंबित कर्मचारी संबंधी मामलों का शीघ्र समाधान करने पर बल दिया।

बैठक में चंडीगढ़ की पेड पार्किंग व्यवस्था में प्रस्तावित बड़े बदलावों की भी समीक्षा की गई। इसमें स्मार्ट पार्किंग समाधान लागू करने, इलेक्ट्रॉनिक टिकटिंग, सीसीटीवी निगरानी को केंद्रीय मॉनिटरिंग सिस्टम से जोड़ने, बूम बैरियर, रियल-टाइम पार्किंग प्रबंधन तथा प्रमुख पार्किंग स्थलों पर मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर चर्चा हुई।

स्ट्रीट वेंडरों से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। मेयर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वेंडरों के लिए उचित वेंडिंग जोन, बेहतर सुविधाएं तथा व्यवस्थित नियमन सुनिश्चित किया जाए, ताकि असली रेहड़ी-फड़ी विक्रेताओं की आजीविका सुरक्षित रह सके।

चीफ इंजीनियर एवं इंजीनियरिंग शाखाओं द्वारा बी एंड आर, पब्लिक हेल्थ, हॉर्टिकल्चर तथा इलेक्ट्रिसिटी विभागों से संबंधित चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी भी प्रस्तुत की गई। मेयर ने अधिकारियों को लंबित विकास कार्यों में तेजी लाने तथा गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में पेड पार्किंग स्थलों के संचालन हेतु तैयार किए गए ड्राफ्ट टेंडर दस्तावेज की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि शहर के प्रमुख व्यावसायिक एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों को चार संचालन जोन में विभाजित किया गया है। सेक्टर-17 पार्किंग क्षेत्र, सेक्टर-35-सी मार्केट फ्रंट पार्किंग तथा सेक्टर-22-बी मोबाइल मार्केट पार्किंग जैसे प्रमुख स्थानों के लिए संशोधित पार्किंग दरें प्रस्तावित की गई हैं, ताकि सेक्टर-17 स्थित भूमिगत मल्टीलेवल पार्किंग सुविधा का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जा सके। विस्तृत चर्चा के बाद मेयर एवं कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्वीकृत प्रावधानों एवं जनहितकारी उपायों को अंतिम नीति ढांचे में शामिल किया जाए तथा चंडीगढ़ में पारदर्शी, प्रभावी और तकनीक आधारित नागरिक प्रशासन सुनिश्चित किया जाए।

प्रथम न्यूज़
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय
Website : www.prathamnews.in

## एक नज़र



### हमीरपुर हादसे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया मुआवजे का ऐलान

लखनऊ (ब्यूरो): मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हमीरपुर जिले में बेतवा नदी पर निर्माणाधीन पुल का स्लैब ढहने मे श्रमिकों की मौत पर गहरा शोक प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को पांच-पांच लाख रुपये तथा घायलों को पचास-पचास हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, गुरुवार देर रात कई जिलों में तेज आंधी-तूफान, बारिश के दौरान बेतवा नदी पर निर्माणाधीन पुल का स्लैब ढह गया। इस हादसे में छह मजदूरों की मौत हो गई और अभी कुछ और मजदूरों के दबे होने की आशंका के चलते बचाव कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने हादसे को अत्यंत दु:खद एवं हृदयविदारक बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को सरकार की ओर से पांच-पांच लाख रुपये की सहायता पहुंचाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने गुरुवार देर रात कई जिलों में तेज आंधी-तूफान, बारिश और आकाशीय बिजली से भारी तबाही का भी संज्ञान लेते हुए सभी जिलाधिकारियों को बचाव कार्य तेज करने, नुकसान का आकलन करने और राहत राशि जल्द जारी करने के निर्देश दिए हैं।

हमीरपुर हादसे को लेकर मुख्यमंत्री योगी ने तत्काल जिला प्रशासन को एसडीआरएफ के साथ मिलकर राहत एवं बचाव अभियान युद्धस्तर पर संचालित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पीड़ित परिवारों को हरसंभव मदद सुनिश्चित करने को कहा है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत एवं बचाव कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और हर तीन घंटे में स्थिति की अद्यतन रिपोर्ट शासन को भेजने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुआवजा वितरण, राहत शिविरों, बचाव अभियान और अन्य प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा करने को भी कहा गया है, ताकि आमजन तक सही और समयबद्ध सूचना पहुंच सके।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि गुरुवार देर रात आए तेज आंधी-तूफान, बारिश व आकाशीय बिजली से प्रदेश के कई जिलों में भारी नुकसान होने के साथ जनजीवन भी प्रभावित हुआ है।

### यूपी चुनाव को लेकर बढ़ी बसपा में सक्रियता, आशीष कश्यप के नेतृत्व में 200 से ज्यादा हुए शामिल

कानपुर (सुनील बाजपेई)- आगामी विधानसभा चुनाव में बहुजन समाजवादी पार्टी अपने विरोधी दलों को बहुत बड़ी टक्कर देने की तैयारी में जुटी हुई है। कानपुर मंडल की समीक्षा बैठक में भी इसी कथन की पुष्टि होती दिखाई पड़ी। इस समीक्षा बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने बूथ गठन, संगठन विस्तार और कार्यकर्ताओं की सक्रियता को लेकर चर्चा की। बैठक में बड़ी संख्या में युवाओं के पार्टी में शामिल होने से बसपा ने शक्ति प्रदर्शन भी किया।

अगर बहुजन समाज पार्टी में युवाओं की भूमिका की बात करें तो उसकी मजबूती में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका आशीष कश्यप जैसे तेजतर्रार और व्यवहार कुशल युवा नेताओं की नजर आ रही है।

खास बात यह भी कि हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने वाले और अपनी व्यवहार कुशलता के बल पर हर जाति, हर धर्म और हर वर्ग के मतदाताओं में चुनाव जीतने की हद तक मजबूत पकड़ रखने वाले युवा नेताओं में सुमार आशीष कश्यप बसपा के प्रति समर्पित तो शुरू से ही हैं। उसके लिए काम भी जमकर करते रहे हैं। लेकिन उन्होंने सदस्यता पार्टी प्रमुख बहन मायावती का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद ही ली है। वह समाजवादी पार्टी और भीम आर्मी के लगभग 200 कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक के दौरान बसपा में शामिल हुए। इस बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी एवं मुख्य मंडल. प्रभारी डा. विजय प्रताप ने कार्यकर्ताओं से हर बूथ पर मजबूत टीम तैयार करने का आह्वान किया। मुख्य मंडल प्रभारी सूरज सिंह जाटव ने भी पार्टी सुप्रीमो मायावती के निर्देशों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी संजय गौतम, अनिल पाल, बौद्ध प्रिय गौतम, नरेंद्र कुशवाहा, जितेंद्र संखवार और जिला अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम व विभिन्न जिलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### जन सुविधा शौचालय सफाई सेवक यूनीयन ने दिया अल्टीमेटम ..16 जून को निकालेगे रैली .. मांगे नहीं मानी तो शुरू करेंगे भूख हड़ताल

चंडीगढ़ (पुनीत महाजन) -आज जन सुविधा शौचालय सफाई सेवक यूनीयन की मीटिंग नेहरू पार्क सैक्टर 22 में प्रधान अशोक बेनीवाल की अध्यक्षता में हुई। मीटिंग में मांग की गई कि एम यू. के अंतर्गत काम कर रहे टॉयलेट वर्करों को नगर निगम हाउस के फैसले मुताबिक डीसी रेट्स अनुसार वेतन दिया जाए।

लीडरशिप ने ठेकेदार द्वारा पुराने लगे वर्करों से मैट्रिकुलेशन का सर्टिफिकेट मागने की सख्त निंदा की तथा मांग की कि वर्करों को बेवजह परेशान करना बंद किया जाए।

यह मांग भी की गई कि सफाई सेविका आशा जिसे नौकरी से निकाल दिया है, वायदे अनुसार उसे तुरंत वापिस काम पर लिया जाए।

उन्होंने माननीय कमिश्नर नगर निगम अमित कुमार को इस मसले में दखल देने के लिए अनुरोध किया।

मीटिंग में फैसला लिया गया के अगर नगर निगम ने मांगे को गंभीरता से लागू नहीं किया तो यूनियन 16 जून को रैली निकलेगी अगर फिर भी सफाई सेवकों की मांगो पर ध्यान नहीं दिया तो यूनियन को मजबूरन भूख हड़ताल शुरू करनी पड़ेगी जिस की पूरी जिम्मेदारी नगर निगम की होगी।

मीटिंग में कोआर्डिनेशन कमेटी के महासचिव के इलावा यूनियन प्रधान अशोक बेनीवाल, एडवाइजर यशपाल राणा, उप प्रधान अरुण कुमार, राजेश रानी, कविता, कृष्णा, रोहत, हरदीप सिंहआदि शामल थे।



## ईरान ने अमेरिकी ड्रोन मार गिराने का दावा किया, खाड़ी क्षेत्र में बढ़ा तनाव

» प्रथम न्यूज । तेहरान
29 मई (एजेंसी)



ईरान के दक्षिणी प्रांत बुशहर में एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय कर दिए गए। ईरानी मीडिया के मुताबिक एक घुसपैठ करने वाले अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया गया। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तस्नीम ने एक सैन्य सूत्र के हवाले से कहा कि ईरान की एयर डिफेंस प्रणाली ने बुशहर के पास एक अमेरिकी ड्रोन को मिसाइल दागकर रोक दिया।

समाचार एजेंसी फार्स ने बताया कि ईरान की सेना ने देश के दक्षिणी इलाकों से कुछ लक्ष्यों पर मिसाइलें दागीं। कुछ स्थानीय सूत्रों ने खाड़ी क्षेत्र में झड़पों की संभावना भी जताई। समाचार एजेंसी मेहर ने कहा कि ईरानी सेना ने होर्मुज स्ट्रेट के पास चार जहाजों पर चेतावनी के तौर पर फायरिंग की। बताया गया कि ये जहाज ईरान से बिना समन्वय किए जलमार्ग पार करने की कोशिश कर रहे थे।

गुरुवार तड़के ईरानी मीडिया ने बंदर अब्बास शहर के पूर्वी हिस्से में तीन धमाकों की खबर दी। बाद में कई अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों में कहा गया कि अमेरिकी सेना ने रातभर ईरान में हमले किए। इन हमलों में एक सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया गया, जिसे वॉशिंगटन ने अमेरिकी सैनिकों और व्यावसायिक जहाजों के लिए खतरा बताया ।ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि उसने गुरुवार सुबह बंदर अब्बास पर अमेरिकी हमलों के जवाब में एक अमेरिकी एयर बेस पर हमला किया। इस बीच, मंगलवार को ईरान ने अमेरिका के साथ चल रही वार्ताओं में अपने 24 अरब डॉलर के फ्रीज फंड जारी करने की मांग की थी। तस्नीम की रिपोर्ट के अनुसार, यह मांग युद्ध खत्म करने को लेकर हो रही बातचीत के दौरान उठाई गई।

ईरान, अमेरिका और इजरायल ने 40 दिनों की लड़ाई के बाद 8 अप्रैल को युद्धविराम पर सहमति जताई थी। इसके बाद 11 और 12 अप्रैल को पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के प्रतिनिधिमंडलों के बीच शांति वार्ता हुई, लेकिन कोई समझौता नहीं हो सका।

पिछले कुछ हफ्तों में दोनों पक्षों ने पाकिस्तान की मध्यस्थता में संघर्ष खत्म करने की शर्तों को लेकर कई प्रस्तावों का आदान-प्रदान किया है।

## तेज तूफान से निर्माणाधीन पुल गिरा
## 6 मजदूरों की मौत; कई लोग मलबे में दबे

■ यूपी में बड़ा हादसा :
» प्रथम न्यूज । हमीरपुर
29 मई (ब्यूरो)



उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में बड़ा हादसा हो गया। भीषण तूफान के कारण निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा ढह गया, जिससे मलबे के नीचे दबकर छह मजदूरों की मौत हो गई। कई अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका है। पुलिस बल और स्थानीय निवासी घटनास्थल पर बचाव अभियान चला रहे हैं।


हमीरपुर के एएसपी अरविंद कुमार वर्मा ने बताया, 28 और 29 मई की मध्यरात्रि करीब 2 बजे सूचना मिली कि थाना लालपुर क्षेत्र के मोराकंदर और कुरारा की मवाईजार को जोड़ने के लिए बन रहे पुल का स्लैब गिर गया है, जिसके नीचे कुछ लोग दब गए हैं। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और हम सभी तत्काल मौके पर पहुंच गए। अभी तीन लोग खंभे पर फंसे हुए हैं। उन्हें बचाने के लिए एसडीआरएफ और हमारी टीम लगातार प्रयास कर रही है। छह लोगों के मलबे में दबे होने की सूचना है, जिनमें से पांच लोगों की पहचान कर ली गई है। स्लैब हटाकर उन्हें बाहर निकाला जाएगा।

जानकारी के मुताबिक, बेतवा नदी पर निर्माणाधीन पुल का एक बड़ा हिस्सा ढह गया। हादसे के समय पुल के नीचे कई मजदूर सो रहे थे, जो मलबे में दब गए। मृतकों में बांदा और हमीरपुर जनपद के मजदूर शामिल बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इस पुल का निर्माण राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद के प्रयासों से कराया जा रहा था।

अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों का निरीक्षण किया है। फिलहाल प्राथमिकता मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की है। हादसे के कारणों की जांच के लिए तकनीकी टीम को भी बुलाया जा रहा है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि पुल की गुणवत्ता में कोई कमी थी या उसके ढहने के पीछे कोई अन्य वजह थी। मलबे में दबे लोगों को निकालने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद हैं और पुलिस-प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर डटे हुए हैं। प्रशासन मृतकों और घायलों की पहचान करने का प्रयास कर रहा है।

## एसिड गिरने से दर्दनाक हादसा महिला की मौत, दो बच्चे गंभीर रूप से झुलसे

» प्रथम न्यूज । भोपाल
29 मई (ब्यूरो)



मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले के मोहनपुरा गांव में एक दर्दनाक हादसा हुआ। घर में रखा एसिड का एक कैन एक महिला और बच्चों पर गिर गया, जिससे तीनों झुलस गए। घटना में 24 वर्षीय पिंकी की मौत हो गई, जबकि उसके दो बच्चे गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो गए। यह हादसा शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे हुआ, जब 5 लीटर एसिड का कैन अचानक रैक से गिर गया, जिसे खेतों में ड्रिप सिंचाई लाइनों की सफाई के लिए घर में रखा गया था।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, घर में चूहों की आवाजाही के कारण कैन हिल गया और नीचे गिरकर उसमें रखा तेजाब परिवार पर फैल गया। पिंकी के पति विजय चौहान अपने परिवार के साथ खेत में बने घर में रह रहे थे, जो सालेखड़ा गांव के रहने वाले हैं।

परिवार खेती के लिए ड्रिप सिंचाई प्रणाली का उपयोग करता था, जिसकी सफाई के लिए एसिड का इस्तेमाल किया जाता है। इसी वजह से एसिड को रैक पर रखा गया था, लेकिन चूहों के कारण यह दर्दनाक हादसा हो गया।

परिवार के लोग तुरंत घायलों को राजपुर स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें बड़वानी जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दुर्भाग्यवश, अस्पताल ले जाते समय पिंकी की मौत हो गई। दोनों बच्चे गंभीर रूप से झुलसे हैं और जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में उनका इलाज चल रहा है।

डॉक्टरों की टीम उनकी हालत पर लगातार नजर रख रही है। फिलहाल, उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एडवोकेट सेखवां की अगुवाई में गांव सठियाली में खेल मैदान का शिलान्यास

» प्रथम न्यूज । गुरदासपुर
29 मई (संदीप सन्नी)



कादियां विधानसभा क्षेत्र के इंचार्ज एडवोकेट जगरूप सिंह सेखवां की अगुवाई में युवाओं को खेलों से जोड़ने के उद्देश्य से गांव सठियाली में नए खेल मैदान का विधिपूर्वक शिलान्यास रखा गया। इस अवसर पर उनके साथ मार्केट कमेटी काहनूवान के चेयरमैन जसपाल सिंह पंधेर, चेयरमैन हरपाल सिंह कंग, बीडीपीओ सुखजीत सिंह, सरपंच सतनाम सिंह और भारी संख्या में ग्रामीण व खेल प्रेमी उपस्थित थे।

**राज्य में फल-फूल रही है खेल संस्कृति**

इस अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुए एडवोकेट सेखवां ने कहा कि पंजाब को खेल के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के कारण आज पूरे पंजाब में खेल अनुकूल माहौल तैयार हुआ है और जमीनी स्तर पर खेल संस्कृति फल-फूल रही है।

**कादियां के हर गांव में युवाओं को मिलेंगी खेल सुविधाएं**

एडवोकेट सेखवां ने युवाओं को भरोसा देते हुए कहा कि कादियां विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चरणबद्ध तरीके से आधुनिक खेल मैदान तैयार किए जाएंगे, ताकि ग्रामीण अंचल के युवाओं को खेल की बेहतर सुविधाएं मिल सकें और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखकर खेलों की तरफ आकर्षित किया जा सके।

**बलबीर सिंह सीनियर वजीफा योजना से खिलाड़ियों को मिल रहा प्रोत्साहन**

पंजाब सरकार द्वारा खेल और खिलाड़ियों को दिए जा रहे बढ़ावा का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा %बलबीर सिंह सीनियर वजीफा योजना% की शुरुआत की गई है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत राष्ट्रीय स्तर पर स्थान हासिल करने वाले राज्य के होनहार खिलाड़ियों को ?8,000 प्रति माह की खेल छात्रवृत्ति दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के इन क्रांतिकारी कदमों की बदौलत पंजाब जल्द ही खेल जगत में देश का नेतृत्व करेगा।

**नेबरहुड गांवों के खिलाड़ियों को भी मिलेगा लाभ**

उन्होंने आगे कहा कि गांव सठियाली में बनने वाले इस खेल मैदान से न केवल स्थानीय युवाओं को बल्कि आसपास के अन्य गांवों के खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा निखारने और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी धाक जमाने के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। अंत में उन्होंने दोहराया कि वह कादियां हलके के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी तरह से दृढ़ संकल्पित हैं।

## सुप्रीम कोर्ट से शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को बड़ी राहत, अग्रिम जमानत रहेगी बरकरार

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली
29 मई (ब्यूरो)

सुप्रीम कोर्ट से ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद को एक बड़े मामले में बहुत बड़ी राहत मिल गई है। देश की शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें शंकराचार्य और उनके शिष्य की अग्रिम जमानत रद्द करने की मांग की गई थी।

### क्या था पूरा मामला?

यह पूरा विवाद नाबालिग बटुकों के साथ कथित यौन शोषण और पॉक्सो (POCSO) एक्ट के तहत दर्ज एक मामले से जुड़ा है।

इस मामले में शिकायतकर्ता आशुतोष ब्रह्मचारी ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इस याचिका के जरिए इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और उनके शिष्य मुकुंदानंद को दी गई अग्रिम जमानत को रद्द करने की गुहार लगाई गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिया बड़ा फैसला

मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा और शिकायतकर्ता की याचिका को सिरे से खारिज कर दिया।

अदालत के इस फैसले के बाद शंकराचार्य और उनके शिष्य को कानूनी मोर्चे पर बहुत बड़ी राहत मिली है, जिससे उनकी गिरफ्तारी पर लगी रोक जारी रहेगी।



## महाराष्ट्र में 16 लोगों की मौत से हड़कंप, लोगों ने जहरीली शराब बताई वजह; पुलिस ने नकारा

» प्रथम न्यूज । मुंबई
29 मई (ब्यूरो)



महाराष्ट्र के पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ में पिछले कुछ दिनों में 16 लोगों की मौत के बाद हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों के बीच इन मौतों को जहरीली शराब से जोड़कर देखा जा रहा है, हालांकि पुलिस ने फिलहाल इस दावे से इनकार किया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौतों की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सकेगी। मामले की जांच जारी है।

जानकारी के मुताबिक, पुणे-मुंबई हाईवे स्थित पिंपरी-चिंचवड़ के फुगेवाड़ी इलाके में एक ही दिन में 7 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद 4 और लोगों की जान चली गई। वहीं पुणे शहर में पहले 3 मौतें सामने आई थीं, जिनकी संख्या अब बढ़कर 5 हो गई है। कुछ अन्य लोगों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज जारी है।

फुगेवाड़ी क्षेत्र में अवैध हाथभट्टी और देसी शराब के अड्डों के संचालन को लेकर स्थानीय नागरिकों में नाराजगी है। लोगों के बीच चर्चा है कि मौतों के पीछे जहरीली शराब हो सकती है। हालांकि, दापोडी पुलिस ने इन दावों को अफवाह बताते हुए कहा है कि शुरुआती जांच में सभी मौतें अलग-अलग कारणों से हुई प्रतीत होती हैं। पुलिस के अनुसार, पांडुरंग फुगे (57) की मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। विजय राठौड़ (31) और राजेंद्र राठौड़ (34) नामक दो सगे भाइयों की मौत हार्ट अटैक से होने की आशंका जताई गई है।

राजेंद्र राजपूत (51) की मौत बाथरूम में चक्कर खाकर गिरने से हुई बताई गई है। वहीं अकबर पठान (52) लंबे समय से अत्यधिक शराब सेवन के आदी थे।

पुलिस का दावा है कि शुरुआती 5 मृतकों में से 4 को शराब की लत नहीं थी। अब तक किसी भी परिजन ने जहरीली शराब को लेकर शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

बाद में आनंद काशीनाथ निकालजे और आनंद पांडेराव देसाई की भी मौत हुई, जिनके मामलों की जांच जारी है। इसके अलावा पिंपरी-चिंचवड़ में 4 अन्य मौतों की वजह भी अभी स्पष्ट नहीं हो सकी है। उधर, पुणे शहर में हुई 5 मौतों को लेकर भी स्थानीय लोगों ने जहरीली शराब की आशंका जताई है। मृतक कालेपडल और हडपसर थाना क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। सभी में उल्टी और तेज पेट दर्द जैसे समान लक्षण पाए गए थे। पुणे पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आधिकारिक तौर पर मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## यौन हिंसा के आरोपों को लेकर ब्लैकलिस्ट में रूस और इजरायल, UN का बड़ा एक्शन

» प्रथम न्यूज । नई दिल्ली
29 मई (एजेंसी)

संयुक्त राष्ट्र (UN) ने इजरायल और रूस की सुरक्षा एजेंसियों को सशस्त्र संघर्षों के दौरान कथित यौन हिंसा और बलात्कार के मामलों में अपनी ब्लैकलिस्ट में शामिल किया है। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की आगामी रिपोर्ट के हवाले से सामने आई है, जिसकी समीक्षा अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी एफपी ने की है।

रिपोर्ट के अनुसार, फिलिस्तीनी बंदियों और यूक्रेनी युद्धबंदियों के खिलाफ यौन उत्पीड़न के कई विश्वसनीय मामलों का उल्लेख किया गया है। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र जांचकर्ताओं को संबंधित क्षेत्रों और हिरासत केंद्रों तक पूरी पहुंच नहीं मिल सकी। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अगस्त 2025 में ही रूस और इजरायल को इस सूची में शामिल किए जाने की चेतावनी दी थी। इसके बावजूद, यूक्रेन युद्ध और कब्जे वाले फिलिस्तीनी क्षेत्रों में कथित यौन हिंसा के मामलों की रिपोर्ट लगातार सामने आती रही।

दस्तावेज में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी के बाद भी दोनों देशों के अधिकारियों ने जांचकर्ताओं को आवश्यक पहुंच उपलब्ध नहीं कराई।

रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि जांच में बाधाओं और सीमित पहुंच के बावजूद उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दोनों देशों को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की उस सूची में शामिल किया गया है, जिसमें संघर्ष के दौरान यौन हिंसा के आरोपों का सामना कर रहे पक्षों को चिन्हित किया जाता है।



संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, सत्यापित मामलों से यह संकेत मिलता है कि ऐसे आरोप कई वर्षों से सामने आते रहे हैं। रिपोर्ट में इजरायली सेना, सुरक्षा बलों और जेल सेवाओं के कुछ सदस्यों पर आरोप लगाए गए हैं। वहीं, इजरायल ने संयुक्त राष्ट्र की इस कार्रवाई की आलोचना करते हुए इसे खारिज किया है।

रूस के संबंध में रिपोर्ट में कहा गया है कि कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्रों और रूस के भीतर रूसी सुरक्षा बलों तथा जेल सेवाओं द्वारा कथित यौन हिंसा की घटनाएं सामने आई हैं। यूक्रेन में मानवाधिकार निगरानी मिशन के आंकड़ों के आधार पर रिपोर्ट में संघर्ष से संबंधित यौन हिंसा के 310 मामलों का उल्लेख किया गया है।

इनमें बलात्कार, जननांगों को क्षति पहुंचाना और बिजली के झटके देने जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र की यह रिपोर्ट अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संघर्ष क्षेत्रों में मानवाधिकार उल्लंघनों को लेकर बढ़ती चिंताओं को दर्शाती है।